Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

# दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 86 | शनिवार, 29 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रूपया

### चारों ओर तबाही, अपनों को तलाशते लोग

# म्यांमार में देर रात फिर लगे भूकंप के झटके, अब तक 154 की मौत

**नई दिल्ली।**

म्यांमार में देर रात एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को डराया। यहां शुक्रवार देर रात 23.56 पर 4.2 तीव्रता का एक और भूकंप आया। इससे पहले म्यांमार में एक के बाद एक चार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका सबसे ज्यादा असर थाईलैंड पर पड़ा। बैंकॉक में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। 7.7 तीव्रता से लेकर 4.2 तीव्रता के झटकों का असर भारत, बांग्लादेश और चीन तक रहा। इस आपदा में अब तक 154 लोगों के मारे जाने की खबर है। जिसमें 144 लोग म्यांमार और थाईलैंड के 10 लोग शामिल हैं। सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया था सबसे तेज तीव्रता का भूकंप पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7 मापी गई। इसके बाद एक-एक घंटे के अंतराल पर दो और भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, पहले दोनों ही भूकंप का केंद्र जमीन सेभीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। बैंकॉक में इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। बैंकॉक में स्टॉक एक्सचेंज ने कारोबार स्थगित कर दिया। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई इमारतें हिल गईं। बहुमंजिला इमारतें ताश की पत्तों की तरह भरभराकर धराशाई हो गईं। म्यांमार में 144 लोगों की मौत हो गई, जबकि 730 लोग घायल हो गए। हर तरफ बबार्दी का मंजर नजर रहा है। लोग मलबों में अपनों की तलाश कर रहे हैं। भूकंप के चलते म्यांमार में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। वहीं, थाइलैंड में एक बहुमंजिला इमारत में दबकर 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से ज्यादा लोपता हैं। भूकंप का केंद्र म्यांमार में था, जिसके झटके भारत, चीन व बांग्लादेश में भी महसूस किए गए। राजधानी नेपीता से मिली तस्वीरों में भूकंप में नष्ट हो चुकीं सरकारी आवास वाली कई इमारतें दिखाई दे रही हैं। बचाव दल मलबे से पीड़ितों को निकाल रहे हैं। भूकंप के कारण पूर्व राजमहल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सागैंग इलाके में 90 वर्ष पुराना पुल ढह गया। बागो क्षेत्र के तौंगनू में एक मस्जिद का एक हिस्सा ढह गया, जिसकी चपेट में आकर 3 की मौत हो गई। म्यांमार की सीमा से लगे दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि युन्नान में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:20 बजे भूकंप महसूस होने पर प्रांतीय राजधानी कुनमिंग के लोग खतरे से बचने के लिए बाहर आ गए और काफी देर तक बाहर ही रहे।



**बैंकॉक में सबसे ज्यादा तबाही**

## मद्रास एचसी से कुणाल कामरा को मिली राहत, 7 अप्रैल तक के लिए अग्रिम जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।**



कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कामरा ने अपनी याचिका में कहा है कि वह अपनी जान को खतरा बताते हुए महाराष्ट्र की अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकते।

एकनाथ शिंदे पर विवादित वीडियो को लेकर कॉमेडियन कुणाल कामरा को शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट से 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कामरा ने अपनी याचिका में कहा है कि वह अपनी जान को खतरा बताते हुए महाराष्ट्र की अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकते। मुंबई की खार पुलिस ने 31 मार्च को कुणाल कामरा को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए समन भेजा था। पुलिस की ओर से यह दूसरा समन है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पर कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद विवादित कॉमेडियन कुणाल कामरा ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया और ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी थी। एकनाथ शिंदे पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद, कुणाल कामरा उन पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाने वाली शिकायतों के बाद कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। महाराष्ट्र में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसके कारण कॉमेडियन ने आरोपों का मुकाबला करने की तैयारी करते हुए गिरफ्तारी से कानूनी सुरक्षा मांगी है।

## गुजरात हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ी राहत, तीन महीने के लिए बढ़ाई अंतरिम जमानत



**जोधपुर।**

नाबालिक से यौन दुराचार के मामले में जोधपुर की सेंट्रल जेल में बंद आसाराम को सूरत रेप केस में गुजरात हाई कोर्ट से 3 महीने की अंतरिम जमानत मिली है। गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने तीन महीने की अंतरिम जमानत को बढ़ाया है। आसाराम की ओर से पहले राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका के लिए आवेदन किया गया था, राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट में जाने को कहा था। इस पर जोधपुर से ये याचिका विड्रॉ हो गई थी। आसाराम की ओर से गुजरात हाईकोर्ट में 6 महीने की अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट में 25 मार्च को जज इलेश जे वोरा और संदीप एन भट्ट की बेंच में सुनवाई हुई।

## म्यांमार और थाइलैंड की मदद के लिए भारत तैयार



**नई दिल्ली।**

म्यांमार और थाइलैंड में आए भूकंप के बाद इन देशों को मदद पहुंचाने के लिए भारत तैयार है। देर शाम तक दोनों देशों के साथ भारतीय अधिकारी संपर्क हैं ताकि सही तरह से वहां हुए नुकसान और जरूरतों का आकलन हो सके।

भारत की मुस्तैदी इस बात से समझी जा सकती है कि भूकंप आने के दो घंटे के भीतर ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी चिंता जताई और मदद की पेशकश कर दी। पीएम मोदी ने लिखा कि, ₹म्यांमार और थाइलैंड में आए भूकंप की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हरसंभव मदद करने को तत्पर है। अपनी एजेंसियों को तैयार रहने को कहा है। विदेश मंत्रालय को भी निर्देश दिया गया है कि म्यांमार और थाइलैंड के संपर्क में रहे।"पीएम मोदी अगले हफ्ते तीन और चार अप्रैल को बैंकाक की यात्रा पर जाने वाले हैं। वहां 04 अप्रैल, 2025 को छठी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन होने वाला है जिसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे।पीएम मोदी की यह तीसरी थाईलैंड यात्रा की तैयारियां चल ही रही थी कि ठीक एक हफ्ते पहले वहां भूकंप आ गया है। भूकंप से शिखर सम्मेलन पर होने वाले असर को लेकर जब सवाव पूछा गया तो विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि, हम थाइलैंड के साथ संपर्क में है। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि हम कुछ कह सकें। मदद पहुंचाने को लेकर म्यांमार और थाईलैंड दोनों देशों के साथ बात हो रही है।

## 'राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान', सपा सांसद के बयान पर संसद में गरजे रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली।**



लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा।

शुक्रवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब भाजपा सांसदों ने समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन की राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा की और उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजपा सांसदों को सदन में नारेबाजी करते देखा गया और उन्होंने सपा सांसद के बयान की निंदा करते हुए कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राणा सांगा पर सुमन के बयान की निंदा की और इसे अपमान करार दिया। लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा। सदन में शून्यकाल के दौरान पहले भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने यह विषय उठाया। इसके बाद प्रसाद ने भी राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के बयान की निंदा की। प्रसाद ने कहा, ह्यह्यराणा सांगा भारत की विरासत हैं।

## भारत-रूस ने शुरू किया छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास




**नई दिल्ली।**

भारत और रूस ने शुक्रवार को चेन्नई तट पर छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। इस सैन्य अभ्यास इंद्र में रूसी नौसैनिक जहाज - पेचंगा, रेज्की और अल्दार त्सिडेंझापोव भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में नौसेना ने अपने युद्धपोत राणा, कुठार और समुद्री गश्ती विमान पी81 को तैनात किया है। यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। बंदरगाह चरण 28 से 30 मार्च तक चेन्नई में होगा जबकि समुद्री चरण 31 मार्च से दो अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी में होगा। अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना है भारतीय नौसेना ने कहा कि 2003 में अपनी स्थापना के बाद से इंद्र अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक रहा है जो नौसैनिक परिचालन तालमेल को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इनका उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ाना, मैत्री संबंधों को मजबूत करना, सर्वोत्तम परिचालन प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करना है।

### 62,700 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए

सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने शुक्रवार को सेना और वायुसेना के लिए 62,700 करोड़ रुपये की लागत से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' की खरीद के अब तक के सबसे बड़े सौदे को मंजूरी दी है। यह खरीदारी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी।

एचएएल के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। हेलीकॉप्टरों का निर्माण बेंगलुरु और तुमकुर स्थित संयंत्रों में किया जाएगा। यह सेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। यह पांच हजार से अधिक की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है।



## सांसदों की बैठक बीच में छोड़कर चले गए राज्यसभा सभापति

**नई दिल्ली।**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक बीच में छोड़कर चले गए। सूत्रों के अनुसार शिष्टाचार का पालन नहीं किए जाने से क्षुब्ध होकर सभापति ने यह कदम उठाया। वहीं, एक विपक्षी नेता के अनुसार डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपिक) नंबरों पर चर्चा और विधेयकों को संसदीय समितियों में भेजने की मांग को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच मतभेद के कारण सभापति बैठक बीच में छोड़कर गए।

### क्यों बैठक छोड़कर निकले धनखड़

हालांकि, राज्यसभा सूत्रों ने कहा कि ईपिक मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। धनखड़ ने वाकआउट करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि सरकार और विपक्षी सदस्य विभिन्न मुद्दों पर अपने-अपने रुख पर अड़े रहे। बीएसी की बैठक आगामी सप्ताह के लिए उच्च सदन के कार्ययोजना पर निर्णय लेने के लिए बुलाई गई थी।

## पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।**

भारत और श्रीलंका के बीच एक अहम रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर होने जा रहा है। हिंद महासागर में अपनी सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटे भारत सरकार इसको लेकर काफी उत्साहित है। समझौता पीएम नरेन्द्र मोदी की आगामी कोलंबो यात्रा के दौरान होगी। थाईलैंड में बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद पीएम मोदी चार से छह अप्रैल, 2025 को श्रीलंका में होंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, ₹रक्षा सहयोग पर समझौता संभावित है। यह दोनों देशों के बीच इस तरह का पहला समझौता होगा।" पीएम मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। पिछले वर्ष ही दिसानायका वहां के राष्ट्रपति बने हैं। नई सरकार के कार्यकाल में पीएम मोदी श्रीलंका की यात्रा करने वाले पहले विदेशी मेहमान होंगे। यह चार महीनों के भीतर दोनों नेताओं के बीच दूसरी उच्चस्तरीय बैठक होगी जो बता रहा है कि भारत अपने इस पड़ोसी देश के साथ संबंधों को लेकर कितना गंभीर है। वर्ष 2022 में श्रीलंका जब बेहद खराब आर्थिक समस्या में फंस गया था तब भारत ने उसे उबारने में काफी मदद की थी। मिसरी ने बताया कि, ₹भारत श्रीलंका में एक इनर्जी हब बनाना चाहता है। इसमें कई तरह के ऊर्जा स्त्रोतों को शामिल किया जा सकता है। इस बारे में कई स्तर पर बातचीत हो रही है।" पीएम मोदी और राष्ट्रपति दिसानयका अनुराधापुरा भी जाएंगे, जहां भारत के आर्थिक मदद से तैयार कुछ कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। पीएम मोदी वहां दूसरे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।



## संपादक की कलम से

# बहस में सियासी चरित्र

हिमाचल के हर मंच पर सजता है करिश्मा, न तेरा न मेरा सारा सियासत का मसला है। राजनीति से हटकर कितना हिमाचल, कहां तक हिमाचल, यह जनता की अदालत का फैसला है जो रोज चचाओं का बाजार सजाती हैं। बहस में नैतिकता का प्रवेश बेशक इस बार चिट्टे को ले आया, लेकिन ऐसे अनेक विषय हैं, जहां राजनीति से ऊपर उठकर सभी को विशुद्ध हिमाचली आचरण में मुद्दों पर निष्पक्ष राय, सहमति और निष्पादन में एकजुटता पैदा करनी होगी। हर मसला राजनीतिक कीर्ति का नहीं हो सकता, लेकिन हिमाचल में दो धड़ों में विभक्त होकर चलना हमारी नियति बन गई है। बहस चुगली करती है, एहसास काम चोर हो जाता है और भरोसा झूठ की तलवारों से युद्ध करता है। मसलन उद्धार की अर्थव्यवस्था में इस बार भी बहस को निचोडकर हम केवल सरकारों के भाषण या विपक्ष के आरोप ही सुन सकते हैं। अंततः जिस दिशा में प्रदेश बढ़ रहा है, वहां कर्ज निरंकुश होकर हमारे प्रयास और जज्बे पर ही प्रहार कर रहा है। कर्ज न धर्म में और न ही सियासत में कोई भेदभाव करता है। यह न तू की डाल-डाल है और न ही मैं पात-पात की संगत में बलिष्ठ है। हम कमजोर हैं क्योंकि सत्ता अपने ही मसलों और जनता की कमजोर ग्राहक हो गई है। कमजोर इतनी कि गारंटियों से गारंटियां भिड़ गईं-मुफ्त बिजली ने पक्ष और प्रतिपक्ष चुन लिया। अगर कोई विधायक यह कहता कि चिट्टा आरोपियों के केस कोई न लड़े, तो वकालत प्रोफेशन की हो जाती है। कोई यह कहे कि प्रदेश की आर्थिकी के सारे मुनाफे कर्मचारियों को न दिए जाएं, तो बहस में सिक्के उछाल कर यह प्रदेश ह्यसत्ताह्ल को घूरने लगता है। आश्चर्य है कि हिमाचल में बहस के कई सींग हैं, लेकिन संघर्ष की चाल कोई चेहरा नहीं चलता। या मेरे साथ चलो या दूसरी तरफ जा कर मेरा कुफ्र झेलो। प्रदेश को जीवन दान चाहिए, आगे बढे की मोहलत चाहिए-अपनी जमीं-अपना आसमां चाहिए। इसी जमीं और आसमां की बात हर बार सरकारें करती हैं, लेकिन विपक्ष का दरिया उस पार बहता है। बहस अगर दरिया बने तो मौजूदा विपक्ष यानी केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को दरियादिल बनना होगा। क्या हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस दरिया बनी या भाजपा ने दरियादिली में अपने ही लोगों का दर्द समझा। मुलाकातें मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को देश के गृहमंत्री तक ले जाती हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदा के संदर्भ टूट जाते हैं। हमारी भौगोलिक परिस्थितियों पर अचानक राजनीतिक कडियों का कब्जा हो जाता है। न तू माने- न हम, न तू जाने-न हम, लेकिन इस मुलाकात में अब हमारे जीने की शर्तों की भी चोरी होने लगी। हिमाचल कल तक इन्हीं राहों पर विशेष राज्य था, आज जब मिले तो केंद्र ने बात तक न की। ऐसे में गौर से हिमाचल के बजट सत्र को सुनना होगा। क्या सत्ता ने ईमानदारी से संसाधन बांटे या जनादेश की इज्जत में बजट दिया गया। दूसरी ओर केंद्रीय बजट ने सियासत देखी या हिमाचल की सिसकियां देखीं। यह उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की दलील और अपील में प्रदेश की महत्त्वाकांक्षा है। बेशक नितिन गडकरी का महकमा हिमाचल की दिशाएं बदल रहा है, लेकिन योजनाओं के कई दरवाजे हमारे लिए अछूत हो गए। आश्चर्य यह कि प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आते प्रगति के मुहावरे बदल गए। सामूहिक प्रयास के बजाय किश्तियां सागर से टकरा कर स्थिर हो गईं। हमारी बहस, न तू आगे और न ही तुझे आगे निकलने दूंगा।



ललित शर्मा
संपादक



डॉ.राजीव डोगरा

चतुरंग

कविता

जब अपने ही शतरंज का
खेल-खेलने लगते हैं तो
पराया भी अपने लगने लगते है।

जब हमदर्द ही दर्द
देने लग पड़ते हैं तो
बेदर्द भी हमदर्द लगने लगते हैं।

जब फूल भी चुभने लगते हैं तो
दर्द भरे कांटे भी
अपने लगने लगते हैं।

जब बिना कसूर के भी लोगों
नासूर जैसे चुबने लगे तो
कसूर भी अपने लगने लगते हैं।

जब मिठास भरे लोग भी
कड़वाहट उगलने लगते हैं तो
कटु वाणी भी मधुर स्वर लगने लगती हैं।

# छत्तीसगढ़ की असल खूबसूरती से रूबरू होने के लिए पहुंचे सरगुजा, प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है ये जगह

छत्तीसगढ़ में मौजूद सरगुजा एक ऐसी अद्भुत और खूबसूरत जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सरगुजा की खासियत और पास में स्थित कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ देश का एक प्रमुख और बेहद खूबसूरत राज्य है। साल 2000 में यह राज्य मध्यप्रदेश से अलग होकर बना था। इसको देश का 26वां राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर है। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक, प्राकृतिक विविधता और पारंपरिक इतिहास के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है, जो जंगलों से घिरा है और लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है। छत्तीसगढ़ में स्थित मैनपाट, बर्नवापारा वन्यजीव अभयारण्य, चित्रकूट, रायपुर और भिलाई जैसी फेमस जगहों को एक्सप्लोर करने के लिए हर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ में मौजूद सरगुजा एक ऐसी अद्भुत और खूबसूरत जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सरगुजा की खासियत और पास में स्थित कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**सरगुजा:** सरगुजा छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख जिला है, जिसका मुख्यालय अंबिकापुर है। यह राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है। इसके अलावा यह झारखंड, उत्तर प्रदेश और ओडिशा की सीमा के काफी करीब है। सरगुजा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से करीब 327 किमी दूर है

**सरगुजा का इतिहास:** सरगुजा अपनी खूबसूरती के अलावा इतिहास के बारे में भी जाना जाता है। इसलिए आपको सरगुजा का इतिहास जानना बहुत जरूरी है। रामायण काल में इस स्थान को दंडकारण्य के नाम से जाना जाता था। तो वहीं कई अन्य लोगों का मानना है कि इसको पहले डांडोर के नाम से भी जाना जाता था। एक अन्य मिथक के मुताबिक मौर्य वंश के आगमन से पहले यह क्षेत्र नंदा वंश के भगवान नंदा वंश के अधीन था। इस क्षेत्र में कई नक्काशी और पुरातन अवशेषों को भी देखा जा सकता है।

**इस जगह की खासियत:** सरगुजा के बारे में बताया जाता है कि यह जिले का करीब आधे से अधिक हिस्सा जंगलों से घिर है। इसकी सीमा पर ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश है।

सरगुजा के बारे में बताया जाता है कि यहां के जंगलों में पांडो और कोरवा जैसी आदिवासी जनजातियां रहती हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। पर्यटक यहां पर सुकून के पल बिताने के लिए पहुंचते हैं।

**क्यों है इतना खास:** पर्यटकों के लिए यह जगह जन्नत मानी जाती है। जो पर्यटक प्रकृति से प्रेम करते हैं, उनके लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। आप यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़, हरियाली, झील-झरने और लुभावने दृश्यों को देखकर खुशी से झूम उठेंगे। सरगुजा अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिग आदि का लुत्फ उठा सकते हैं।

**घूमने की बेस्ट जगहें:** बता दें कि सरगुजा में ऐसी कई हसीन और शानदार जगहें मौजूद हैं, जिन्हें आपको एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर तिब्बत मंदिर, टाइगर पॉइंट, चेंद्रा वॉटरफॉल, महामाया मंदिर, रामगढ़ पहाड़, दुर्गा मंदिर और फिश पॉइंट जैसी धार्मिक और बेहद खूबसूरत जगहें एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार-हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं, कुछ नया करने की नहीं सोचते। अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए !तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस !जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,

(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2)शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली (8) अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।

साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं।इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते, समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता, क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है। साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी जरूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भी है क्षमा दान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की जरूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ गलत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ.हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है।

हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरें हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।



गोंदिया

# शहरों का घुटता आसमान



विजय गर्ग

ब्रोंकाइटिस, अनिद्रा, यकृत के कैंसर, प्रजनन क्षमता में कमी, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग जैसे कितने ही रोग वायु प्रदूषण के कारण बढ़ रहे हैं। चीन में किए गए एक अध्ययन में तो यह भी पाया गया कि वायु प्रदूषण बच्चों को गणित और भाषा जैसे विषय सीखने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। वस्तुतः वायु प्रदूषण अपनी चपेट में आने वाले व्यक्ति के जीवन से इस तरह खिलवाड़ करता है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से पीढ़ियां प्रभावित होती हैं। शायद यही कारण है कि हमारे पुरखों ने अपने पर्यावरण के संरक्षण को एक जरूरी मुद्दा माना और वेदों ने लगातार प्रतीकों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। ऋग्वेद में एक स्थान पर ह्यपृथ्वी : पूः च उर्वी भवह्ल कह कर आह्वान किया गया है कि समस्त पृथ्वी और संपूर्ण परिवेश शुद्ध रहे, तभी जीवन का समग्र विकास हो सकेगा। अथर्ववेद में वायु को प्राण कहा गया है। वेदों के अनुसार वायु पिता के समान पालक, बंधु के समान धारक, पोषक और मित्रवत सुख देने वाली है। कहा तो यह भी गया है कि वायु अमरत्व की निधि है, क्योंकि वह हमें जीवन देती है। लेकिन बदलती हुई जीवन शैली ने हमारी पारंपरिक मान्यताओं से खिलवाड़ किया और मानो प्रदूषण ही हमारे लिए तरक्की का पर्याय बन गया। इस वर्ष भी जब कुछ संवेदनशील लोगों ने वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए दीवाली के पूर्व पटाखों के संयमित उपयोग की बात की, तो कतिपय लोग तरह–तरह के कुतर्क से आतिशबाजी के समर्थन में उतर आए।

आज से साढ़े तीन-चार दशक पहले तक स्थिति इतनी भयावह नहीं थी। तब सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या काफी कम थी। हवा में मौजूद जहर को सोखने के लिए हमारे पास पर्याप्त मात्रा में पेड़ भी थे। लेकिन पिछले कुछ दशकों में स्थितियां बहुत तेजी से बदलीं। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार हो गई और विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों को अंधाधुंध काटकर हमने उस सहारे को खुद से ही छीन लिया जो न केवल हमें तेज धूप में छाया दिया करता था बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आश्वस्ति भी देता था। हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। राजधानी दिल्ली की हवा में घुले जहर ने एक बार फिर लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राजधानियों की हवा में जहर की बात आमतौर पर मुहावरे में की जाती है, लेकिन दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों, शहरों में रहने वाले लोग सचमुच दमघोंटू हवा में सांस लेने को विवश हैं। सड़क पर बेतहाशा दौड़ रहे वाहनों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास के इलाके के खेतों में जलाई जाने वाली पराली के धुएं ने सांस लेना दूभर कर दिया है। रही-सही कसर दीपावली पर हुई आतिशबाजी के धूम-धड़ाके ने पूरी कर दी। दिल्ली ही क्या, देश के अधिकांश शहरों की हवा में प्रदूषण की मात्रा दीवाली के दिनों में खतरनाक स्तर पर पहुंच जाती है। उदाहरण के लिए राजस्थान के कोटा शहर को लिया जा सकता है। हर साल करीब दो लाख बच्चे देश के शीर्षस्थ इंजीनियरिंग या मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा के लिए कोचिंग लेने के लिए कोटा आते हैं और इन छात्रों की आमद ने कोटा को आर्थिक समृद्धि के नवसोपान सौंपे हैं। यों भी बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है और जिस इलाके में इतनी बड़ी संख्या में बच्चे रहते हों, उस इलाके के पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामान्य जन को भी अतिरिक्त रूप से संवेदनशील होना चाहिए। शहर के एक अस्थमा विशेषज्ञ ने दीवाली की रात कोटा की हवा में प्रदूषण की पड़ताल की तो पाया कि वहां की हवा में जहरीले कणों की मात्रा मानक स्तर से सात गुना अधिक है। पिछले कुछ सालों में हम अपने स्वभाव से ही नहीं, अपने व्यवहार से भी हवा में जहर घोलने के आदी हो चुके हैं। वायु प्रदूषण की भयावहता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्ल्यूटीओ) वायु प्रदूषण को पब्लिक हेल्थ इमरजंसी अर्थात जन स्वास्थ्य के लिए आपातकाल कहता है।

डब्ल्यूटीओ की एक रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण हर साल दुनिया में करीब सात करोड़ लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। बर्मिंघम विश्विद्यालय ने अपनी एक शोध के दौरान दुनिया में निमोनिया के कारण होने वाली मौतों और वायु प्रदूषण के मध्य सीधा संबंध पाया। लंदन के किंग्स कॉलेज के एक अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण युवाओं में कई मनोविकृतियों को जन्म देता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भ्रष्टाचार की खबर चलाना पत्रकार को पड़ा भारी षड़यंत्र रचा कर पुलिस ने भेजा जेल

**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर-खीरी ?।** जनपद के ब्लाक बिजुआ में एक ठेकाकर्मचारी कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत रामदीप वर्मा के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत व? खबर चला रहे द हिन्दी खबर के संपादक दीपक पंडित पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पत्रकार को अनान फानन में बिना जांच पड़ताल किए पत्रकार दीपक पंडित को पुलिस ने जेल भेज दिया। जिससे आक्रोशित पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारी व सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा साथ ही निष्पक्ष जांच करने व दीपक पंडित को तत्काल रिहा करने की मांग की।



जानकारी के मुताबिक द हिन्दी खबर के संपादक दीपक पंडित बिजुआ ब्लॉक में हो रहे भ्रष्टाचार की लगातार खबर चला रहे हैं व उच्च अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था जिसके चलते खुद को फंसाता देख बिजुआ ब्लॉक में तैनात कर्मचारी व ठेका कर्मचारी कम्प्यूटर आपरेटर रामदीप वर्मा के साथ मिलकर एक षड़यंत्र रचकर पत्रकार दीपक पंडित पर एक भीरा थाने में झूठा मुकदमा दर्ज कराया और साथ ही पुलिस के साथ सांठगांठ कर लिया जिसके बाद पुलिस ने पत्रकार दीपक पंडित को बहाने से बुलाकर अपनी कस्टडी में 8 घंटे रखा और उसके बाद न्यायालय के समझ पेश कर जेल भेज दिया आपको बता दें कि पत्रकार दीपक पंडित ने जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र देकर ब्लॉक बिजुआ में ठेका कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा द्वारा किये गये भ्रष्टाचार और ठेकेदारी के सम्बंध में प्राथार्ना पत्र डाक रजिस्ट्री के माध्यम से जिलाधिकारी लखीमपुर, मंडलायुक्त लखनऊ मंडल, मुख्यविकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी लखनऊ मंडल को दिया था आरोप लगाया था कि बिजुआ ब्लॉक में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा जो कि पिछले दस वर्षों से अधिक समय से ब्लॉक में तैनात हैं और इन्होंने ब्लॉक की सर्वाधिक पंचायतों में ठेकेदारी करके इंटरलॉकिंग लगाई है जो कि इनको कतई अधिकार नहीं है इंटरलॉकिंग भी गुणवत्ता विहीन लगाई गई है मनरेगा में पंचायतों की 60/40 रेसियो के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं जिसमें कई जेई और ग्राम विकास अधिकारी शामिल है। मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर पचासों हजार रुपये रोजाना सरकार को चूना लगाया जा रहा है मनरेगा में फर्जी हाजिरी यहां तैनात एपीओ अमर प्रसाद की देखरेख में हो रही है जनसुनवाई पर भी कई बार शिकायत की गई लेकिन चूंकि कमीशन में सभी लोग हिस्सेदार हैं तो फर्जी तरीके से आख्याओं को लगाया गया सरकार के इस भ्रष्ट तंत्र और मकड़जाल से परेशान होकर इस भ्रष्टाचार और इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी साथ ही खबरों को लगातार प्रकाशित कर रहे थे जिससे खुद को फंसाता देख बिजुआ ब्लॉक के कर्मचारियों ने पत्रकार दीपक पंडित पर फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया और पुलिस ने पत्रकार दीपक पंडित पर धारा 308/02 व, धारा 308/05 में मुकदमा पंजीकृत कर पत्रकार दीपक पंडित को पुलिस ने बिना जांच करे बहाने से थाने पर बुलाकर जेल भेज दिया।

# हापुड़ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने ईदगाह गेट का उद्घाटन कर शहर वासियों को दिया ईद का तोहफा



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़**/हापुड़ नगर पालिका क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित पुरानी चुंगी के पास ईदगाह को जाने वाले रास्ते पर 25 लाख 52 हजार रुपए से बने मुख्य द्वार ईदगाह गेट का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड नंबर 24 से सभासद मोहम्मद नदीम एवं वार्ड नंबर 39 से सभासद अमिना मेवात तथा सभी अन्य वार्ड के सभासदों की उपस्थिति में फीता काटने के साथ नारियल तोड़कर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद ईद के तोहफ के साथ मुबारकबाद देते हुए कहा कि सभी लोग आपस में भाईचारे के साथ मिलजुलकर ईद का त्योहार मनाएं। वहीं इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रीपाल ठेकेदार, पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी को सभी लोगों ने फूल-मालाएं पहनकर स्वागत किया।

## हिन्दूवादी संगठनों ने चैत्र नवरात्रि पर मीट व अंडा की दुकानों को बंद कराने के लिए दिया ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर**/आज नगर के हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग गौरक्षा प्रमुख के नेतृत्व में चैत्र नवरात्रों में मीट व अंडो की दुकाने बंद कराने के लिए कोतवाल शिकारपुर व क्षेत्राधिकारी शिकारपुर व अधिशासी अधिकारी शिकारपुर को ज्ञापन सौंपा कर 10 दिनों के लिए दुकान बंद करने की मांग की। इस मौके पर शिवम शिकारपुरिया विभाग गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल बुलंदशहर अंकित राजपूत नितिन कुमार दीपक ठाकुर नगर अध्यक्ष शिव सेना सिद्धार्थ नगर उपाध्यक्ष कमल निखिल अवनीश केशव लवकुश प्रशांत आशीष यशु विकास आदि उपस्थित रहे।

# सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पांडेय का जन्मदिन 'धार्मिक सौहार्द सप्ताह' के रूप में मनाया जाएगा

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** 28 मार्च ।वैश्विक स्तर पर दो दशक से सर्वधर्म सद्भाव, धार्मिक सौहार्द, शांति, मानवता एवम वसुधैव कुटुंबकम्‌के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख सौहार्द शिरोमणि संत डॉ.सौरभ पाण्डेय जी के जन्मदिन को इस वर्ष भी भव्यता के साथ 'धार्मिक सौहार्द सप्ताह' के रूप में 29 मार्च से 4 अप्रैल तक देश विदेश में मनाया जाएगा। धरा धाम इंटरनेशनल के धरा गवर्नर एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर अंतरराष्ट्रीय लेखक डॉ. शंभू पंवार एवं डा. एहसान अहमद, डा अभिषेक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर भारत सहित विश्व के कई देशों में जन्मदिन पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। जिसके तहत धार्मिक,सांस्कृतिक ,सामाजिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला आयोजित होगी, जिसका उद्देश्य




विश्व शांति, मानवता और सौहार्द का संदेश देना है ।सात दिवसीय कार्यक्रम में 29 मार्च को सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पांडेय अपने धरा धाम परिवार के साथ वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ धाम का दर्शन करेंगे और वहां विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना करेंगे ।30 मार्च को नव संवत्सर के शुभ दिन गोरखपुर स्थित गुरुद्वारा में रक्तदान शिविर में संत डॉ. सौरभ स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित करेंगे। 31 मार्च को 'ईद मिलन समारोह' के साथ सर्वधर्म स्थल यात्रा का आयोजन होगा, जहां मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरिजाघर, बौद्ध मंदिर, जैन मंदिर आदि धार्मिक स्थलों का दर्शन कर धार्मिक प्रतिनिधियों से संवाद किया जाएगा ।1 अप्रैल को भारत सहित 51 देशों में धरा धाम के प्रतिनिधि 'एक पौधा मानवता के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण करेंगे। 2 अप्रैल को देहदान, अंगदान और रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज में परोपकार और मानव सेवा की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।

3 अप्रैल को स्वच्छता अभियान, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन होगा ।एवं 4अप्रैल को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 'सौहार्द सम्मान समारोह' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वभर के 100 से अधिक देशों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने सरकार की योजनाओं का डोर टू डोर किया प्रचार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद** शिक्षक विधायक सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने नजीबाबाद में डोर टू डोर किया जनसंपर्क प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने सरकार की योजनाओं का डोर टू डोर किया प्रचार आज नजीबाबाद नगर मंडल के बूथ संख्या पर आठ साल का रिपोर्ट कार्ड जनता को सौंपते हुए शिक्षक विधायक विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, चौधरी ईशम सिंह,महामंत्री अभिषेक यादव, सरदार परविंदर सिंह वाधवा, बूथ अध्यक्ष कमल सेठी, दीपक शर्मा,एड नीरज पाल, बिट्टू भटनागर, राजन टंडन गोल्डी, ठाकुर राजकिशोर सिंह,राजू घाघट , रामपाल सिन्हा, नरेंद्र पारचा, कोमल पाल ललित पाल के साथ सम्राट सिनेमा के पास डोर टू डोर संपर्क किया साथ ही मोहल्ला मकबरा में डोर टू डोर संपर्क करके भारतीय जनता पार्टी की जनहित की योजनाओं की जानकारी एवं रिपोर्ट कार्ड की प्रतिलिपि आम जनता को सौंप इस अवसर पर सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है।

## दि- बार एसोसिएशन चुनाव के नतीजे घोषित, अध्यक्ष बने रामकुमार राघव और महासचिव बने प्रदीप गिरि

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को दि-बार एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे भी घोषित हो चुके हैं। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट प्रकाशवीर यादव और एड.राम कुमार राघव के बीच चुनाव लड़ा गया था जिसमें अधिवक्ताओं की संख्या कुल 53 थी जिसमें से रामकुमार रावत को मिले 31मत व प्रकाशवीर यादव को 22 मत प्राप्त हुए अध्यक्ष पद पर रामकुमार राघव ने विजय हासिल की है। दी बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने जीत की घोषणा की उसके बाद समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान जीते हुए प्रत्याशियों का हौसला और



जज्बा देखने लायक था। तथा महासचिव पद पर एड. प्रदीप कुमार गिरि ने 17 वोटों से जीत हासिल की है।वहीं 53 में से महासचिव पद पर सरदार सिंह को 18 मत मिले तथा प्रदीप गिरि को 35 मत मिले हैं 17से जीत हासिल की है।

जीत का सेहरा प्रदीप कुमार गिरि के सिर पर बधा है।समर्थक वकील अपने पसंदीदा उम्मीदवार के जीतने पर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाते दिखे।

## विद्यार्थी होगा संस्कारवान तभी बनेगा भारत महान ईस्ट वेस्ट कॉलेज बदनौली में युवा: कवि सचिन कुमार निगम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़**/हापुड़ बदनौली में मोदीनगर रोड पर स्थित शिक्षा के मंदिर के रूप में अपना परचम लहराने वाले ईस्ट वेस्ट कॉलेज में युवा कवि सचिन कुमार निगम के द्वारा बताया कि विद्यार्थी होगा संस्कारवान तभी बनेगा भारत महान। आपको बता दें कि ईस्ट वेस्ट कॉलेज बदनौली में युवा कवि सचिन निगम ने विद्यार्थियों को अपनी कविताओं के माध्यम से देश समाज एवं नारी के योगदान को समझाया। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा कवि सचिन कुमार निगम को कॉलेज में नए विद्यार्थियों को प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करने का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक प्रोफेसर पियूष स्वामी, सचिव



सुनील स्वामी, अध्यक्ष ब्रह्मशंकर शर्मा, राजकुमार कुशवाहा रिटायर्ड इंस्पेक्टर पुलिस ,नरेंद्र कुमार शर्मा रिटायर इंस्पेक्टर पुलिस, प्राचार्य ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। तथा ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के लिए विशेष सुविधाओं की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर रविंद्र कुमार, नितिन कुमार, दीपांजलि, नितिन कुमार , राशि गोयल एवं सुमन , मूलचंद, सुनील त्यागी अन्य कर्मचारी सहित बी.ए ,बीबीए,बीसीए एवं बी.कॉम के छात्रों में कुमारी शैली, निकिता, तरुण,आशा अवंतिका,बादल कुमार,प्रांजल सिंगल, प्रेरणा,हर्ष शर्मा,कु० संध्या,अंजलि, कुणाल इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाउन में सूयार्सूबे स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने गरीब बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाउन में सूयार्सूबे स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने लगभग पचास गरीब बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई ताकि गरीब परिवारों के बच्चे अपनी शिक्षा के माध्यम से अपना भविष्य उज्ज्वल बना सके है इस मौके पर फाउंडेशन के प्रधान सूबे सिंह बेनीवाल ,श्री देवेन्द्र उप्पल जी प्राथमिक पाठशाला के मुख्याध्यापक श्री सतीश पूनियाँ अध्यापिका श्रीमती बबीता देवी ,दर्शना देवी ,सुमन देवी ,रेनू यादव ,सारदा




यादव श्री अनिल कुमार जी व मोहन लाल जी सभी अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रही मुख्याध्यापक पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के एन जी ओ गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए इस तरह की सहायता करते रहे ।ताकि गरीब परिवार के बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# श्री पीताम्बरा आश्रम में भारतीय नव वर्ष अभिनंदन संबंधित प्रचार सामग्री वितरण

**वेलकम इंडिया**

**बाँसवाड़ा, 28 मार्च**/भारतीय नव वर्ष पर गायत्री मण्डल बांसवाड़ा की ओर से श्री पीताम्बरा आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार सामग्री वितरण का कार्य शुक्रवार को आरंभ किया गया।

मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में वरिष्ठ अभिभाषक श्री यशपाल गुप्ता एवं चौबीसा समाज के अध्यक्ष श्री सुधीर चौबीसा ने भारतीय नव वर्ष अभिनन्दन से संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण अभियान आरंभ किया। इस



अवसर पर चन्द्रेश व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी, नीना गुप्ता, गंगा चौबीसा, पुष्पा व्यास, पं. जय रणा, गिरीश जोशी रामायणी सहित आश्रम के साधकों एवं साधिकाओं ने हिस्सा। इससे पूर्व पं. जय रणा के आचार्यत्व में पंचदेव, हनुमान, भैरव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना एवं यज्ञ का विधान हुआ। श्री पीताम्बरा आश्रम में गुरुवार को प्रदोष महोत्सव के अनुष्ठानों के अन्तर्गत वैदिक परम्परा के अनुरूप रूद्रार्चन अनुष्ठान पं. पवन पाठक के आचार्यत्व में हुआ। इसमें मुख्य साधक परिवार के रूप में वरिष्ठ एड्वोकेट यशपाल गुप्ता एवं श्रीमती नीना गुप्ता ने नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक तथा शिवार्चन आरती एवं पुष्पान्जलि विधान किया। इसमें पं. मनोहर एच. जोशी, चन्द्रेश व्यास, सुधीर चौबीसा, द्रोमिल त्रिवेदी, पं. जय रणा, अनन्त जोशी, प्रमोद आचार्य, गंगा चौबीसा, पुष्पा चन्द्रेश व्यास, पं. गिरीश जोशी रामायणी, सुमन आचार्य आदि ने हिस्सा लिया।

## रमजाने पाक मुबारक के अलविदा जुमें की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजाने पाक मुबारक के अलविदा जुमें की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की। पुलिस प्रशासन सतर्कता सड़क पर नवाज नही पढ़ी गई। सीओ अंजनी चतुवेर्दी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ जमा मस्जिद पर मौजूद रहे। रमजानें पाक मुबारक अलविदा जुमें की नमाज के मौके पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती उवैस अकरम ने खिताब करते हुए फरमाया कि भारत सरकार द्वारा पेश किया गया वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल किया गया है। ताकि वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर भारत सरकार का कब्जा हो सके। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया वक्फ पर्सनलॉ बोर्ड कमेटी के आहवान पर वक्फ



बिल के विरोध में अलविदा जुमे पर मुसलमानो को बाहो पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करनी है। नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा कर विरोध प्रकट किया। बाद मुफ्ती उवेस अकरम में हजारों नमाजियों को नमाज अदा कराई। नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा खलील की ओर से जामा मस्जिद पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से जामा मस्जिद पर सीओ अंजनी चतुवेर्दी, नायब तहसीलदार अजब सिंह, थाना प्रभारी तेज पाल सिंह, एस एस आई दीपक कुमार, कानून गौ नीरज कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती ताहिरा बेगम व अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना ने अलविदा जुमें की नमाज को देखते हुए। जामा मस्जिद व नगर की मस्जिदों के आसपास सड़कों की सफाई व सड़कों पर चुना डलवा कर सफाई व्यवस्था के माकूल इंतजाम किए गए।

# टांडा में अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदें अलविदा जुमा के मौके पर नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। पूरे एहतराम और एहतमाम के साथ मुसलमानों ने नमाज अदा की और मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं कीं।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध स्वरूप मुसलमानों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा की। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज मौलाना मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने अदा कराई। इससे पहले दारुल उलूम देवबंद के उस्ताद मौलाना मुफ्ती मोहम्मद कोकब ने नमाजियों को खिताब करते हुए कहा कि यह अल्लाह का करम है कि उसने हमें रमजान जैसे मुबारक महीने से नवाजा, जो अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान में हम अल्लाह की इबादत और गलत कामों से परहेज करते रहे, उसी तरह यह सिलसिला रमजान के बाद भी जारी रहना चाहिए। मुफ्ती साहब ने जोर देकर कहा कि हम अल्लाह के बंदे हैं और एक बंदे को अपने मालिक के हुक्म को जिस तरह मानना चाहिए, हमें भी उसी तरह अल्लाह के फरमानों पर अमल करते हुए अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए। मनमानी जिंदगी से बचना और नेक राह पर चलना जरूरी है। इससे पहले, मुफ्ती वसीम ने अपने बयान में कहा कि ईद का दिन अल्लाह की तरफ से इनाम का दिन है। इस दिन अल्लाह पाक अपने उन बंदों के गुनाह माफ करता है, जिन्होंने रमजान में पूरे इखलास के साथ अल्लाह की इबादत की और रोजे-नमाज की पाबंदी की। कारी मोह साजिद ने ईद की नमाज के वक्त का ऐलान करते हुए बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे, जामा मस्जिद में: 8:30 बजे और थाने वाली मस्जिद में 9:00 बजे होगी।

## जनपद में पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई अलविदा जुम्मे की नमाज

**हापुड़**/जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम आगामी ईद उल फितर नवरात्रि पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। जिसको लेकर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के आदेश अनुपालन में एसपी को ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों को आगामी ईद उल फितर एवं नवरात्रि पर्व को लेकर अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में सभी थाना प्रभारी ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित मस्जिदों में होने वाली नमाज को लेकर अलर्ट रहते हुए पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। और साथ ही संवेदनशील अति संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च कर जनता जनार्दन को सुरक्षा व्यवस्था का भी एहसास कराया गया।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुई वृक्षारोपण, जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक, तैयारियों के दिए गए निर्देश



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पौध रोपण हेतु आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वषार्काल-2025 वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन एवं पौधशाला में पौध तैयारी, 2024 वृक्षारोपण की जीवितता, जनपद में एफएसटीपी भूमि, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, एनजीटी के निर्देशन में टीटीजेड, क्षेत्र में निगरानी अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्य विकास अधिकारी ने विस्तृत रूप से चर्चा की और उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पौध रोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के आधार पर स्थल का चयन करने के साथ ही समय से गढ्ढों का खुदान कराने एवं वषार्काल 2025 में वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अन्तर्गत रोपित किये जाने वाले पौधों के लिये स्थल चयन की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## 9 साल की अलीना रहमानी का ईमानी जज्बा, अब तक रखे 27 रोजे बाकी भी पूरे करने का इरादा,

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी, वफाउर्रहमान जामई रोड निवासी 9 वर्षीय अलीना रहमानी ने रमजान में अब तक पूरे 27 रोजे रख लिए हैं और वह बाकी रोजे भी पूरे करने के इरादे पर कायम है। छोटी उम्र में इतने रोजे रखने के उसके मजबूत हौसले और ईमानी जज्बे को देखकर घरवाले बेहद खुश और फख्र महसूस कर रहे हैं। अलीना का ताल्लुक नगर के मशहूर रहमानी घराने से है। वह डॉक्टर असदुज्जफर रहमानी की पुत्री और नगर पालिका टांडा के पूर्व चेयरमैन मरहूम महमूदुज्जफर रहमानी की पौती हैं। अलीना सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल, रामपुर में कक्षा तीन की छात्रा है। अलीना के पिता डॉक्टर असदुज्जफर रहमानी एक डॉक्टर होने के साथ-साथ सरकारी स्कूल में अध्यापक भी हैं। उन्होंने बताया कि रमजान उल मुबारक की शुरूआत से ही अलीना रोजे रखने को लेकर बेहद उत्साहित थी और अब तक 27 रोजे पूरे कर चुकी है। उसका इरादा पूरे रमजान के रोजे रखने का है, जिसे देखकर पूरा परिवार फख्र और खुशी महसूस कर रहा है। अलीना के बड़े भाई फहद रहमानी भी पूरे रोजे रख रहे हैं। घर में रमजान की रूहानियत और अल्लाह की इबादत का खास माहौल बना हुआ है। परिवार के लोग अलीना की हिम्मत और अल्लाह की इस खास रहमत पर शुक्र अदा कर रहे हैं।



## नमाज़ियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**झांसी।** झांसी में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमा पर हजारों की तादाद में नमाजी मस्जिद पहुंचे। यहां दो जमात में जुमा की नमाज अदा कराई गई। वहीं, सुरक्षा के लिहाज के डीआईजी, एसएसपी और सीओ सिटी समेत तमाम अधिकारी मस्जिदों का भ्रमण करते रहे। इसी तरह चावला कॉलोनी जीवनशाह, बिसाती बाजार, सीपरी बाजार, ताज कंपाउंड, नगरा, गरिया फाटक, पुलिया नंबर 9 की मस्जिदों में भी जुमा की नमाज अदा कराई गई अलविदा जुमा की नमाज अदा करने पहुंचे नमाज़ियों ने यहां वक्फ संशोधन बिल का विरोध जताया है चावला कॉलोनी की मस्जिद में दर्जनों नमाजी काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने पहुचे बताया कि वक्फ की संपत्ति मुसलमानों की अपनी संपत्ति है मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशन में यह विरोध जताया जताया गया है।

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/** जरगवां में रमजान माह के आखिरी जुम्मे की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण संपन्न हुई मुस्लिम समाज के लोग ईद त्यौहार की खरीदारी में जुट गए हैं

आपको बता दें जरगवां में रमजान माह के आखिरी जुम्मे की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुस्लिम समाज के लोगों ने नवाज अदा की इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने गरीब लोगों को दान दक्षिणा दी इस अवसर पर मुस्लिम समाज के गुड्डू खान ने बताया रमजान के माह के आखिरी जुम्मे की नवाज रामघाट पुलिस की कड़ी सुरक्षा के व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई हमारे गांव के लोगों का प्रतिवर्ष की तरह पूर्ण सहयोग रहता है हम पुलिस प्रशासन की सराहना करते हैं उनकी सतर्कता कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण कोई अप्रिय घटना नही हुई हम मुस्लिम समाज के लोग अपने परिवार के कपड़े खाने पीने के सामान की खरीदारी करने में जुट गए हैं बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है मस्जिद पर रमजान माह के अंतिम जुम्मे की नमाज के दौरान रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार के सख्त निर्देश पर एस आई ज्ञानेंद्र सिंह संजेश कुमार यादव सुनील कुमार श्रीकिशन मय पुलिस के साथ कड़ी निगरानी रखते तैनात रहे।

## बुलंदशहर जिले में पहली बार हुआ हेयर ट्रांसप्लांट



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :** जनपद के खुर्जा नगर के सुधा मेडिकेयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को 38 वर्षीय मरीज संजीव कुमार निवासी बुलंदशहर का डॉ हीना अग्रवाल व उनकी सहयोगी टीम द्वारा जिले का पहला हेयर ट्रांसप्लांट किया गया इससे पहले ये सुविधा बुलंदशहर जिले में उपलब्ध नही थी। अब खुर्जा के सुधा मेडिकेयर हॉस्पिटल मे यह सुविधा उपलब्ध हो चुकी है। इसमें मरीज संजीव कुमार को तकरीबन 4300 बाल ट्रांसप्लांट करके नए लगाए गए। हेयर ट्रांसप्लांट के साथ साथ त्वचा से सम्बंधित भी बहुत सी सुविधा सुधा मेडिकेयर हॉस्पिटल मे उपलब्ध है जैसे कि मेडिकेटेड फेशियल, शरीर के अनचाहे बालों को हमेशा के लिये हटाना, हेयर एंड फेस पीआरपी, टैटू रिमूवल, स्किन व्हाइटनिंग (त्वचा को गोरा करना) जैसी सुविधाएं भी सुधा मेडिकेयर हॉस्पिटल मे उपलब्ध है।

## अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचारी रोग के बारे मे दी गई जानकारी : डॉक्टर मधु गुप्ता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर प्रशांत रंजन तथा नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह के दिशानिर्देश में और प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की अध्यक्षता में दस्तक संचारी संवेदीकरण की एक अहम बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में पस्तौर के पार्षद राम सिंह पाल, खलीलपुर के पार्षद प्रतिनिधि सुनील गुप्ता तथा विधौलीया वार्ड के पार्षद गुलबशर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि संचारी रोग मुख्यतः साफ सफाई न रखने की वजह से होता है, संचारी रोग जैसे बुखार आ जाना, खांसी, जुकाम आदि व साफ सफाई न रखने तथा मच्छरों की वजह से होता है। इसलिए हमे अपने आस पास नालियों की समय समय पर साफ सफाई करते रहना चाहिए। अपने घर के अंदर कूलर, गमले, गुलदस्ते तथा फ्रिज के नीचे भी साफ सफाई रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मच्छरों से बचने के लिए हमें पूरी वाह के कपड़े पहनने चाहिए ताकि मच्छर जनित रोगों से हम बचे रहे। इस अवसर पर सीबीगंज क्षेत्र के पार्षद गणों से क्षेत्र में इस संदेश को पहुँचाने व पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई, सभी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आश्वस्त किया कि वह संचारी रोग से बचाव के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करेंगे एवं समय समय पर इस से संबंधित हर कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाने के लिए सभी का सहयोग करेंगे ताकि सीबीगंज क्षेत्र को स्वास्थ्य बनाया जा सके। इस अवसर पर आगामी गर्म मौसम के मद्देनजर रिलेटेड इलनेस के विषय पर भी विस्तृत वार्ता की गई एवं अत्यधिक तापमान में स्वयं को कैसे सुरक्षित रख सके उस पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, श्रवण कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रोडवेज बसों में करवा रहे थे मुफ्त यात्रा, भ्रष्टाचार के आरोप, तीन अधिकारी निलंबित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रोडवेज बसों की चेकिंग में लापरवाही और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते परिवहन निगम बरेली रीजन के यातायात निरीक्षक (टीआई) राजेश शर्मा और सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) कमलेश कुमार व भानु प्रताप को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई परिवहन निगम के मुख्यालय में दर्ज शिकायतों की जांच के बाद की गई। परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार, तीनों अधिकारियों की ड्यूटी लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर थी। इस दौरान उन्होंने कई बसों की चेकिंग में लापरवाही बरती और नियमों का उल्लंघन किया। आरोप है कि कुछ बसों को बिना उचित जांच किए और रिपोर्ट में ह्यओकेह्ल किए बिना रवाना कर दिया गया। कुछ मामलों में परिचालकों से पैसे लेकर भी ह्यडब्ल्यूटीह्ल (बिना टिकट यात्रा) की कार्रवाई दर्ज की गई। एक बस में बिना बुकिंग के लगेज भरा था, जिसे पैसे लेकर छोड़ दिया गया। बाद में मुख्यालय की टीम ने इस बस को पकड़ा और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस मामले की शिकायत रोडवेज के परिचालकों ने परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ में दर्ज कराई थी। शिकायत पर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट में तीनों अधिकारियों को दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) बरेली, दीपक चौधरी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने गुरुवार को आदेश जारी कर यातायात निरीक्षक राजेश शर्मा, सहायक यातायात निरीक्षक कमलेश कुमार और भानु प्रताप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## प्रयास:सभी के लिए की महिला विंग वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव हुए सम्पन्न रितु पुरवार अध्यक्ष, सरिता अग्रवाल सचिव चुनी गई

वेलकम इंडिया




**झांसी !** संस्था प्रयासःसभी के लिए की महिला विंग की आम सभा संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के निर्देशन में अध्यक्ष ज्योति ओमहरे की अध्यक्षता में आयोजित हुई आयोजित बैठक एक स्थानीय होटल में सम्पन्न हुई जिसमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। पदाधिकारियों का चुनाव संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा की देख रेख में सम्पन्न हुआ। आम सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन का निर्णय लिया गया वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष पद पर रितु पुरवार ,सचिव पद पर सरिता अग्रवाल चुनी गई जिनके नामों की घोषणा संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलका गेड़ा, कुमकम गुप्ता, रेखा लोहिया, रेखा शर्मा, संगीता वर्मा, अंजू लोहिया, मधु पासी, अनीता चौरसिया, हर्षिता मिश्रा, दिव्या नगरिया, निशा श्रीवास्तव, सुनीता खरे, हेमलता यादव, नीरू पाण्डेय, अनीता मुखरैया, शोभा तिवारी, गीता वर्मा, राखी श्रीवास्तव, माया पटवारी, सुमन बिलैया, कुसुम लता जैन, राधा पहारिया, साधना अग्रवाल, इंदु दीवान, मुक्ता अरोरा, अनु दीवान, ज्योति श्रीवास्तव, अंजू बिलैया, मोना सहगल, प्रज्ञा गुप्ता, नमिता गुप्ता, संगीता सेठ, संध्या सेठ आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार सचिव सपना अग्रवाल ने व्यक्त किया।

## डॉ० संदीप की अध्यक्षता में राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा एवं भजन संध्या का होगा भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं संघर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर दिनांक 6 अप्रैल दोपहर 2:00 बजे शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा नेहरू महाविद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए तुवन मंदिर प्रांगण पर समाप्त होगी। यात्रा के पश्चात बुंदेली भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें हास्य कलाकार जित्तू खरे 'बादल', रामदेवी एवं उनकी पूरी टीम द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी द्वारा की जाएगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य रमा आर०पी० निरंजन सम्मिलित रहेंगी। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा प्रभु श्री राम सनातन धर्म ही नहीं संपूर्ण विश्व के आराध्य हैं। भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में जाना जाता है एक मित्र, पिता, पति, भ्राता और शासक के रूप में जीवन कैसा होना चाहिए यह प्रभु श्री राम के चरित्र से दृष्टिगत होता है। 6 अप्रैल को हम सभी मिलकर श्री राम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं वर्तमान सरकार के सहयोग से अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है जो संपूर्ण विश्व के समक्ष कला, आध्यात्म, संस्कृति और धर्म का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है मैं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आप सभी से आग्रह करता हूँ। इस अवसर पर बजरंग दल से सोनू ठाकुर, सचिन दुबे, आनंद सोनी, गौरव शर्मा, शंकर चंदेल, छोटू चौबे, कार्तिक करोसिया, कमलेश सोनी, बलराम पचौरी, कृष्ण कुमार नामदेव, रोहित दुबे, नरेश शुक्ला, सम्यक राज नायक, निहाल सेन, चंदन राजा, नीरज शर्मा, सोनू राठौर, गोलू वाल्मीकि, शुभम झा, नमन वाल्मीकि, ऋतिक चौरसिया, दीपेश जैन, मुकेश कुशवाहा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद से दिनेश साहू, राजेंद्र शुक्ला व संघर्ष सेवा समिति से सूरज वर्मा, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, मास्टर मुन्नालाल, नैंसी नामदेव, दीक्षा साहू, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, देवेंद्र सेन, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया जल संस्थान का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जल संस्थान में उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक बिल भेजने की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी हरकत में आए।वही समय निकालते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जल संस्थान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में फाइलों के रखरखाव, उपस्थिति रजिस्टर, बायोमेट्रिक प्रणाली, गार्ड फाइल, उपकरणों की स्थिति और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायत निवारण पंजिका की जांच की। कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखने के बाद उन्होंने जल संस्थान द्वारा की जा रही बिलिंग प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया।जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं को गलत और अनियमित बिल भेजे जाने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाई और बिलों में हुई गड़बड़ियों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पानी की गुणवत्ता मापने की विधि का भी गहन अवलोकन किया और उसकी समीक्षा की। उन्होंने जल संस्थान में उपयोग किए जा रहे तकनीकी उपकरणों को भी देखा और उनकी कार्यप्रणाली की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पानी की आपूर्ति को सही तरीके से मापा जाए और उपभोक्ताओं को स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।साथ ही पेयजल टैंकों में समय समय पर टैंकों की सफाई, नियमित रूप से पेयजल स्वच्छता के लिए दवा का मिश्रण किए जाने के भी निर्देश दिए।साथ ही यदि किसी उपकरण में तकनीकी समस्या है, तो उसे शीघ्र सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने जल संस्थान के पास स्थित उत्तराखंड वन विकास निगम, बागेश्वर के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलों के रखरखाव और अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालय अनुशासन का सख्ती से पालन करने और कार्यालय डेकोरम बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जल संस्थान और वन विकास निगम के अधिकारियों को आगाह किया कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सहादत दिवस पर नन्द राम को सैन्य अधिकारियों सहित ग्रामीणों द्वारा श्रद्धांजलि देकर किया याद




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** 28 मार्च1994 को जम्मू कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेते हुए हमले में शहीद हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान स्वर्गीय नन्द राम के बलिदान के अवसर पर उनके निवास स्थान ग्राम गैरसकीड़ा चौगावछीना खरेही पट्टी में शहीद दिवस समारोह का आयोजन कर उन्हें याद किया गया।जहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रुप केंद्र काठगोदाम के अधिकारी गोधन सिंह बिष्ट सहित अन्य अर्द्ध सैनिक बलों की टुकड़ी द्वारा अमर जवान शहीद स्वर्गीय नन्द राम को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया।इस दौरान शहीद दिवस समारोह में वीर नारी कमला देवीऔर उनके परिजनों से सेना के अधिकारी द्वारा कुशलक्षेम पूछी गई।और किसी भी प्रकार से कोई समस्या होने पर उसका उच्चाधिकारियों द्वारा समाधान किए जाने की बात कही गई।इस दौरान शहीद परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा भी शहीद जवान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनाए भाजपा सरकार के 8 वर्ष के कार्य



वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** अकबरपुर स्थित गोपाल जी मंदिर अनाथ गौशाला में भाजपा के 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां। मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय उपस्थित रहे। गोशाला संचालक संत मदन मोहन दास महाराज ने भाजपा जिलाध्यक्ष का फूल माला, पटुका डालकर जोशीला स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के मध्य रखा। सरकार 8 वर्ष के शासन काल में किए गए विकास कार्यों की चर्चा की। इस दौरान भगत सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, नत्थी सिंह, मण्डल अध्यक्ष मुरारी सिंह, डिप्टी सिंह, पूरन सिंह, पवन वार्ष्णेय, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

# विशाल नववर्ष मेला सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आज

**मथुरा।** नवसंवत्सर 2082 की पूर्व संध्या पर शनिवार ( आज ) नववर्ष मेला समिति के तत्वाधान में विशाल नववर्ष मेला का शुभारंभ मध्यान्ह एक बजे से सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में समिति पदाधिकारियों द्वारा भूमि पूजन के साथ होगा। सायं शाम 5 बजे से रंगोली और मंचीय प्रतियोगिताएं होंगी। रात्रि 8 बजे से नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधावल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ०प्र० विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 9:15 से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। यह जानकारी मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी ने दी है।

# दंगल में आखरी कुश्ती बराबरी पर छूटी, पहलवानों पर हुईं पुष्प वर्षा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गाँव भवनपुरा में बृहस्पतिवार को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें में विभिन्न राज्यों से आये सैकड़ों पहलवानों ने खूब दमखम दिखाया, अधिकतर आखरी कुश्तियां बराबरी पर छूटी। पहलवानों ने अपना दमखम दिखाते हुए खूब बाहवाही लूटी। पहलवानों के दांवपेंच देख लोग तालियों की गड़गड़ाहट कर उनका उत्साहवर्द्धन करते रहे। पहलवानों की हर कुश्ती पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गईं। दंगल में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब आदि राज्यों के सैकड़ों पहलवानों ने भाग लिया। दंगल मे जिला केशरी, राज्य केसरी आदि पहलवानों ने भी खूब दम खम दिखाया। आखरी कुश्ती अंकित पहलवान और सौरभ पहलवान के बीच बराबर पर छूटी। वहीं 21 हजार रुपए की कुस्ती चंदू पहलवान और पालेंद्र पहलवान, गोविंद पहलवान, माखन पहलवान, कल्लू पहलवान, मोहना पहलवान के बीच बराबरी पर छूटी। हैप्पी पहलवान 21 हजार रुपए और अजय पहलवान ने 11 हजार रुपए की कुस्ती जीती। रात्रि मे रसिया दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धोरीलाल, कोमल चौधरी, गज्जो चौधरी, रोहन चौधरी, नीरज चौधरी,जवाहर, गोविन्द सिंह, दलवीर दरोगा, नन्दो चौधरी, कैलाशी, मुकेश भगत, संजू चौधरी, हरवान, राजू चौधरी, राजवीर आदि मौजूद रहे।

# गेहूं के खड़ी फसल में लगी आग तेज हवा ने लिया भयंकर रूप



वेलकम इंडिया

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के सोहास जनूबी के सिवान में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई । तेज हवा होने के कारण आग ने भयंकर रूप ले लिया जब ग्रामीणों ने आग देखा तो कोई हाथ में बाल्टी तो कोई पेड़ का पौधा लेकर फसल के तरफ भागने लगे बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया ।इस आग से किसान रामचंद्र, लौटू,बसंत ,राजेंद्र,दिलीप ,रामकुमार का फसल जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलने पर पीआरवी 112 , पुलिस चौकी सोहास की पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौजूद रही।

# पुलिस सुरक्षा में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों,चौकी प्रभारियों द्वारा जुमे की नमाज शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया गया, तथा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित सभी मस्जिदों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा मिश्रित आवादी-संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी सतत निगरानी रखते हुए जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया ।जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया । नमाज से पूर्व व नमाज के दौरान लगातार ड्रौन कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने से बचा जा सके ।

पुलिस बल की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद के सभी मस्जिदों पर लोगों द्वारा शान्ति से नमाज पढी गई । नमाज सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी से अपील की गई कि किसी के बहकावे में आकर कोई ऐसा कृत्य ना करे, जिससे जनपद में अमन चैन सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो । किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायें न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

# पुलिस ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाले इकबाल को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**सादाबाद।** इंटरनेट मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो खूब वायरल हो रहा था। जिसमें एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज के डंडे से नाली साफ कर रहा था। यह वीडियो लोगों में आक्रोश का कारण बन गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को देनी शुरू कर दी। पुलिस जांच में पता चला कि यह वीडियो सादाबाद का है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसने अपना नाम इकबाल पुत्र शब्बाल निवासी कस्बा सादाबाद थाना सादाबाद बताया है। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह राघव ने बताया कि एक तिरंगे के डंडे से नाली साफ करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की शिनाख्त कर आरोपी इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# विधायक विनोद भयाना ने विधानसभा में बरसाती पानी निकासी व्यवस्था को लेकर उठाया मुद्दा

वेलकम इंडिया



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि ढाणा कला व रामपुरा गांव के खेतों में अब किसानों की फसलें जल भराव के कारण खराब नहीं होगी। इन दोनों गांव से बरसाती पानी निकासी के लिए जल्द ही स्थाई व्यवस्था करवाई जाएगी। श्री भयाना ने शुक्रवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ढाणा कला गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा प्रपोजल तैयार कर लिया गया है। अब बहुत ही जल्द इस विकास कार्य पर काम शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि रामपुर गांव के लिए भी जल्द प्रपोजल तैयार करवा कर काम शुरू करवाया जाएगा। विधायक ने विधानसभा में जल भराव की स्थिति का उठाया था मुद्दाः विधायक ने बताया कि इन दोनों गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी को लेकर की गई व्यवस्था के संबंध में आज विधानसभा में सवाल पूछा गया था। इसके प्रति उत्तर में संबंधित विभाग की मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया है कि ढाणा कला गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रपोजल तैयार हो चुका है। आगामी 30 जून 2026 तक इस विकास परियोजना का कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा। 30 जून 2026 काफी दूर, जितना हो सके उतने कम समय में पूर्ण करवाने का करें प्रयासः विधायक ने कहा कि 30 जून 2026 आने में अभी लगभग डेढ़ वर्ष बाकी है। जल भराव होने से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए जितना हो सके उतने कम समय में बरसाती पानी निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा करवाया जाए ताकि किसानों को भविष्य में कभी भी फसल खराबे से होने वाली आर्थिक हानि नहीं हो।इस पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाएगा।

# गाड़ियों के संरक्षित संचालन हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** गत दिनांक 19.03.25 से 22.03.25 तक उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के परिचालन प्रशिक्षण केंद्र/आलमबाग में गाड़ियों के संरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खंड नियंत्रकों की कार्य क्षमता में और अधिक वृद्धि करने हेतु विशेष प्रशिक्षण की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में रेल गाड़ियों के समय-पालन, संरक्षा और गति को बढ़ाने के लिए विभिन्न घटकों पर प्रशिक्षण दिया गया, इसमें भाग लेने वाले सभी खंड नियंत्रकों ने उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के परिचालन विभाग के अधिकारियों के इस कदम को बहुत ही महत्वपूर्ण माना है, इससे निश्चित रूप से उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर परिचालन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे।

# बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बी.सी.ए. विभाग का शैक्षणिक एवं औद्योगिक टूर नोएडा रवाना

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का एक शैक्षणिक एवं औद्योगिक टूर ऐप्सक्वैड्ज सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड , सेक्टर-63, नोएडा के लिए प्रस्थान हुआ। दो बसों के माध्यम से निकले इस शैक्षणिक यात्रा को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ललित मोहन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर बी.सी.ए. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौहान, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ रवीश शर्मा, डॉ यू के त्रिपाठी,डॉ. योगेश भारद्वाज, डॉ. चंचल शर्मा सहित , डॉ नीरेंद्र शर्मा, डॉ दीपक यादव अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। नोएडा स्थित ऐप्सक्वैड्ज सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड में पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने आधुनिक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी, आई.टी. उद्योग की कार्यप्रणाली तथा उद्योग में उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं अन्य डिजिटल इनोवेशन के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ललित मोहन शर्मा ने कहा, ?महाविद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रमीय शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को व्यावसायिक और तकनीकी ज्ञान से भी समृद्ध करना है। इसी दिशा में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं औद्योगिक टूर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# आर आर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर :** आर आर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व भीष्म सिंह त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बताया कि स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड डिजिटल माध्यम से भी दिया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य के अनुसार प्ले स्कूल में साहिल प्रथम, अविरल देव सिंह द्वितीय, हरिका त्यागी तृतीय नर्सरी में अलियान मंसूरी प्रथम, लक्षित राजपूत, गौरिक प्रताप व मनस्वी चौहान ने संयुक्त रूप से द्वितीय, मोहम्मद आरिश आलम तृतीय जूनियर केजी में सानवी सूर्यवंशी प्रथम, मोहम्मद साद व आराध्या सिंह ने संयुक्त रूप से द्वितीय, माही व वेदाश ने संयुक्त रूप से तृतीय सीनियर केजी में आहन गंधर्व प्रथम, रियांश त्यागी द्वितीय, शानवी चौहान तृतीय कक्षा एक में आदि शर्मा प्रथम, ओजस व विहान कौशिक ने संयुक्त रूप से द्वितीय, लावण्या तृतीय कक्षा दो में रियांश प्रथम, वैभव राणा द्वितीय, कार्तिक तृतीय कक्षा तीन में बुद्ध प्रताप सिंह व आराध्या वशिष्ठ प्रथम, अभिनव दत्त द्वितीय, देवांश सिसोदिया तृतीय कक्षा चार में जीविका आर्य प्रथम, काव्यांश भारद्वाज द्वितीय, मानिक चौहान तृतीय कक्षा पांच में देवांश सिंह चौहान प्रथम, तनिष्क चौहान द्वितीय इप्शिता प्रताप तृतीय कक्षा छः में अक्षज अग्रवाल प्रथम, आनया चौहान द्वितीय, यश कुमार तृतीय कक्षा सात में यश राजपूत प्रथम, मणिकर्णिका सिंह द्वितीय, अरकम अहमद तृतीय कक्षा आठ में युवराज सिंह सिसोदिया प्रथम, कुणाल प्रताप सिंह द्वितीय, सरबजीत कौर तृतीय कक्षा नौ में सार्थक चौहान प्रथम, गुरप्रीत कौर व मनुश्री कंधालिया संयुक्त रूप से द्वितीय, शिवांग राजपूत तृतीय कक्षा ग्यारह ए में परीक्षित कुमार प्रथम, आयुष यादव द्वितीय, माही चौधरी तृतीय कक्षा ग्यारह बी में दीया त्यागी प्रथम, इशिका द्वितीय, सारिका पाल तृतीय कक्षा ग्यारह सी में नव्या चौधरी प्रथम, वंशिका चौहान द्वितीय, जसमीत कौर तृतीय कक्षा ग्यारह डी में मनु प्रथम, मदीहा जैदी द्वितीय हना अजहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एक अदद तमंचा व जिंदा कारतूस के व चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

मिजार्मुराद( वाराणसी)। करधना चौकी प्रभारी रोहित कुमार दूबे ने मुखबिर की सूचना पर करधना गांव के पास से शुक्रवार की शाम एक अदद देशी तमंचा 12 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर व चोरी का सामान एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया व 2550 रुपया बरामद करते हुए फूलपुर थाना क्षेत्र के नथईपुर निवासी शातिर चोर विशाल सिंह को हिरासत में ले लिया।गिरफ्तार युवक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि बीते 21 तारीख दिन शुक्रवार की रात करधना गांव से चोरी किया था।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में चौकी प्रभारी के आलावा कांस्टेबल रमेश यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे।


# एडीओ अनिल यादव को दी भावभीनी विदाई एवं शुभकामनाएं

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर :** खंड विकास नूरपुर में अनिल यादव एडीओ सांख्यिकी के पद पर कार्यरत हैं शासन ने उनका प्रमोशन अपर सांख्यिकीय अधिकारी जनपद अमरोहा में पोस्टिंग की है उनके स्थानांतरण पर ब्लॉक सभागार में विदाई एवं शुभकामनाएं समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान एवं संचालन एडीओ सलीम अहमद ने किया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान सहित समस्त स्टाफ ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें फूलमाला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई एवं शुभकामनाएं दी। एडीओ अनिल यादव एक वृद्धाभाषी, मिलनसार, व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं क्षेत्र में लोग उनके कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने नूरपुर ब्लॉक में कार्यरत रहते हुए जन सेवा की है। इस मौके पर एडीओ पंचायत करुणा चौहान, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नितिन शर्मा, सचिव अखिलेश कुमार, नीरज कुमार, गौरव कुमार, शरद कुमार, रेखा रानी, रंजीता,प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर,** क्षेत्र के ग्राम राजा का ताजपुर स्थित आरकेएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र गोविंद सिंह ने प्रथम एवं मोदक सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में रवाना रोड़ स्थित आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे एलकेजी के छात्र गोविंद सिंह गुजराल पुत्र सतवेन्दर सिंह गुजराल ने क्लास में टॉप किया, वहीं मोदक सिंह गुजराल पुत्र हरवेंन्दर सिंह गुजराल ने द्वित्तीय क्लास में सेकेंड स्थान प्राप्त कर माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। दोनों बच्चों की उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। दोनों बच्चों के माता-पिता ने बच्चों की सफलता का श्रेय स्कूल परिवार को देते हुए कहा कि बच्चों की इस सफलता ने परिवार को गोर्विंत किया है।गोविंद सिंह के पिता सतवेन्दर सिंह गुजराल व माता परवेन्दर कौर तथा मोदक सिंह के पिता हरवेन्दर सिंह गुजराल व माता मनप्रीत कौर ने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व करते हुए कहा कि यह बच्चों के दादा नानक गोविंद सिंह एवं स्व. दादी सुरेन्द्र कौर के आशीर्वाद का फल है। बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों की सफलता का श्रेय शिक्षकों सहित स्कूल प्रबन्ध समिति को दिया हैं।

# माहे रमजान के अंतिम नमाज ए जुमा में मांगी गई अल्लाह से खैर भलाई की दुआयें

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पवित्र माहे रमजान के27 वें दिन जुमा अलविदा की नमाज बड़े ही सादगी अकीदत के साथ पूरे जनपद में शांतिपूर्वक अदा की गई। 27 रोजे जुमा को मुकम्मल हो गए।जुमा के दिन को साप्ताहिक ईद कहा जाता है।नमाज जुमा को लेकर मुसलमानों के घर सुबह से छोटे बड़े तैयारी में जुट जाते हैं।जुमा अलविदा की नमाज अदा करने हेतु छोटी बड़ी मस्जिदों में भीड़ काफी भीड़ रही।जिसके लिए कई जगह अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ा।

आज माहे रमजान के अंतिम जुमा अलविदा के दिन रोजेदार बड़ी संख्या में अपने अपने गांव कस्बों चौराहों पर स्थित मस्जिदों एवं जामा मस्जिद में समयानुसार बड़े ही अकीदत अदब एवं एहतराम के साथ जुमा की नमाज अदा की।अल्लाह से घर परिवार देश दुनिया की सुख समृद्धि शांति व मगफिरत की सामूहिक दुआएं मांगी गई।



ब्लॉक मुख्यालय सेमरियावां सहित दुधारा , असरा शहीद,बाघ नगर ,पैड़ी,करही,दानुकोईयां, बिगरा मीर, नौआ गांव, सलेहपुर ,महदेव, चिउटना ,आगया,पिपरा तिलजा, कोहरियावा,मुंडाडीहा बेग , दरियाबाद आदि बड़े गांव,चौराहों,कस्बों,बाजारों में स्थित बड़ी मस्जिदों, जामा मस्जिदों में नमाज जुमा अदा करने करने के लिए लोग दूर दराज से नमाज अदा करने आए।जुमा के दिन सवेरे ही नमाजियों से मस्जिदें आबाद हो गईं।मस्जिद पहुंचकर नफील नमाज,दुआ ,जिक्र,कुरान की तिलावत और सदका खैरात किए।

माहे रमजान के 27 वे दिन जुमा को मस्जिदों में रोजेदार की तादाद पहले की अपेक्षा अधिक रही।ये इबादत का महीना है।रहमत का महीना है।मगफिरत का महीना है।बहुत से लोगों ने जुमा की रात जागकर खूब इबादत कर दुआएं मांगी

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली वरि0उ0नि0 रामकरन निषाद, का0 अनुराग कुमार गुप्ता, का0 सत्येन्द्र यादव ने मु0अ0सं0 74/2025 धारा 64(1), 127(2), 115(2), 352, 351(3), 131, 333 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना मुहली के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता सोनू सोनकर पुत्र स्व0 राजू सोनकर साकिन वार्ड नं0- 07 सवापार नगर पंचायत हरिहरपुर थाना महुली जनपद सन्तकबीरनगर को शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## गोल्ज्यू मंदिर मांल्दे में श्रीमद् भागवत पुराण कथा के षष्ठम दिवस में खूब दिखी भक्तों की भीड़



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** गरुड़ गोल्ज्यू मंदिर मांल्दे में श्रीमद् भागवत पुराण कथा वाचक आचार्य राजेन्द्र प्रसाद जोशी ने षष्ठम दिवस के कथावाचन में कहा कि तन साफ हो या नहीं लेकिन मन साफ होना चाहिए। जिसके मन अपने वश में है वह बढ़े से बढ़े दुःख आने पर भी हार नहीं मानते। श्रीमद देवी भागवत कथा सुनने से ही सारे दुःख दूर हो जाते है। कुल पुरोहित गोपाल जोशी, जगदीश जोशी, भास्कर जोशी ने मंदिर में सुबह से पूजा पाठ किया। श्रीमद भागवत कथा पुराण के बाद भक्तों द्वारा देर रात तक भजन कीर्तन गाये जा रहे हैं।

भजन गायक कान्हा गुरु के भजनों में भक्त खूब झूम उठे। यजमान रतन सिंह, नवीन सिंह, गोविंद सिंह, किशन सिंह, मंगल सिंह, नारायण सिंह, दान सिंह नेगी, कुंदन सिंह नेगी, नंदन सिंह,सुरेश सिंह,ने सभी क्षेत्र वासियों से श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में आने को कहा।

# रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करता हैं : सरताज आलम

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के चौधरी मैरिज हॉल में युवा पत्रकार प्रेस क्लब की ओर से रमजान के महीने के दौरान शुक्रवार 27वीं रोजा को रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की गई।पत्रकार, सरताज आलम व पत्रकार पियुष सिंह ने रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

रमजान के पाक महीने को लेकर रोजा इफ्तार पार्टी का दौर तेजी से चल रहा है।इसी को लेकर युवा पत्रकार प्रेस क्लब की ओर से रोजेदारों को इफ्तार कराया गया। जिसमें क्षेत्र के काफी तादाद में रोजेदारों ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की। इस दौरान रोजेदारों ने अल्लाह के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन व भाईचारा तथा खुशहाली की दुआ मांगी। मगरिब के अजान सुनते ही सभी रोजेदारों ने रोजा इफ्तार की।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# वार्षिक परीक्षा में बच्चो को दूर दूर बैठकर कराई गई नकल विहीन परीक्षा

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चो का चल रहा वार्षिक परीक्षा शुक्रवार को हुआ समापन। वार्षिक परीक्षा में बच्चो को दूर दूर बैठकर नकल विहीन परीक्षा कराई गई।

ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा गृह शिल्प, खेल कूद एवं शारीरिक शिक्षा विषय के साथ हुआ समापन।वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही बच्चे खुश होकर एक दूसरे से मिल कर परीक्षा समाप्त होने का खुशी का इजहार किया।

कक्षा 1से 8 तक कुल 281 में से 277 बच्चे परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा दिये। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, शिक्षक पवन चौरसिया,राकेश कुमार राज,मनमोहन, सिद्धार्थ कुमार,रेनू मद्धेशिया,राकेश जायसवाल, शशि यादव ने सभी क्लास के बच्चो का वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चों का परीक्षा का कापी और वार्षिक परीक्षा का रिकॉर्ड बनाने में लग गये। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार ने बताया कि कक्षा1, 2, 3,4,5,6,7,8 के बच्चों का वार्षिक परीक्षा शुक्रवार को गृह शिल्प, खेल व शारीरिक शिक्षा विषय के साथ हुआ सम्पन्न। पेपर नकल विहीन सुचारू रुप से वार्षिक परीक्षा हुआ सम्पन्न। परीक्षा के समय स्कूल में बच्चो की संख्या लगभग शत प्रतिशत आ जाने से स्कूल में रौनक आ गई है।

## दलित युवती की गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप प्रतापगढ़ मे भयकर बवाल मे सी ओ का फूटा सिर

**वेलकम इंडिया**

**प्रतापगढ़।** दुर्गागज( रानीगज) मे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती संदिग्ध परिस्थितियों मौत पर जमकर बवाल हो गया।

परिजनों ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। इसको लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया तो ग्रामीण उग्र हो गए और पत्थरबाजी शुरू कर दी। दुगार्गंज बाजार की एक युवती पास के ही मां मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर काम करती थी।शुक्रवार को युवती की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर लाठी चलाने के बाद स्थिति बेकाबू हो गई। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।सीओ रानीगंज समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात 11 बजे कोमल नाम की दलित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों को अस्पताल से फोन कर बुलाया गया, लेकिन जब मां हीरावती वहां पहुंचीं तो कुछ लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। कुछ देर बाद एंबुलेंस से शव गांव भेजने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों ने एंबुलेंस को रोक लिया।

# डीएम की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थ एवं दवाओं में मिलावट को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत बैठक में प्राप्त सुझावों एवं निदेर्शों का खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अनुपालन आख्या की समीक्षा किया। खाद्य पदार्थ दूध, मसाले, खाद्य तेल व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु मीटिंग में उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। जिलाधिकारी ने समिति में प्राप्त सुझावों पर अमल कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया तथा कहा कि मिलावट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाए की जायेगी। मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए। समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सुझाव दिया की मिलावट करने वाले व्यापारियों को दंडित करें जो अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मॉडल प्राइमरी विद्यालय खलीलाबाद प्रथम की प्रधानाध्यापिका को ऐट राइट स्कूल का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया, डीजीसी क्रिमिनल विशाल श्रीवास्तव, व्यापार मंडल से संजीव भाटिया, विनीत चड्ढा, अमित जैन, शिवाजी गुप्ता, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग से सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मिश्री लाल, बृजेश कुमार, सच्चिदानंद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती, वरिष्ठ निरीक्षक वाट माप आरबी वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, डिप्टी कमिश्नर आरके शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी राजीव कुमार आदि रहे।

# अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज, मुल्क के लिए मांगी दुआ, तैनात रही फोर्स

**वेलकम इंडिया**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के सभी मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान सिद्धार्थनगर नगरपालिका स्थित आजाद नगर, तेतरी बाजार, बेलसड़, चरियनवा, मुडिला, खजुरिया, गोबरहवां, पिठनी,देवलहवा ग्रान्ट सहित सभी मस्जिदों पर सिद्धार्थनगर थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमे के नमाज के चलते मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी।आजाद नगर छोटी जामा में भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा हुई।आजाद नगर छोटी जामा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद सलमान अमजदी की ओर से नमाज अदा कराई गई।नमाज के बाद मुल्क में शांति, सौहार्द, तरक्की व भाईचारा रखने की दुआएं मांगी गई। भीषण गर्मी से बचने के लिए लगाए गए थे टेंट माह-ए-रमजान की अंतिम जुमा की नमाज के चलते थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र के मस्जिदों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नमाज के लिए पहले से ही मस्जिदों में आने का क्रम शुरू हो गया है। भीड़ को देखते हुए मस्जिद के बाहर भी टेंट लगाए गए थे।आजाद नगर छोटी जामा मस्जिद में भारी संख्या में लोगों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। रमजान महीने के अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई।

# एनएसएस इकाई द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (दिल्ली-एनसीआर कैंपस) की एनएसएस यूनिट ने समाज सेवा की भावना को प्रबल करते हुए गाज़ियाबाद ब्लड सेंटर और मणिपाल अस्पताल के सहयोग से रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में छात्रों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह आयोजन पूरी तरह सफल और सार्थक बना।शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रक्तदान के महत्व को उजागर करना था।इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों की उत्साही भागीदारी ने यह साबित किया कि जब हम समाज की सेवा के लिए एकजुट होते हैं, तो सकारात्मक बदलाव जरूर आते हैं। शिविर की मुख्य झलकियाँः रक्तदान शिविर झ जीवन बचाने का संकल्प गाज़ियाबाद ब्लड सेंटर की विशेषज्ञ टीम ने रक्तदान की प्रक्रिया को पूरी सावधानी और चिकित्सा मानकों के अनुसार संपन्न किया एनएसएस यूनिट ने गाज़ियाबाद ब्लड सेंटर और मणिपाल अस्पताल का हार्दिक धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।साथ ही, 100 से अधिक सभी प्रतिभागियों, रक्तदाताओं, डॉक्टरों और स्वयंसेवकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को सार्थक बनाया। एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर निदेशक डॉ.एस.विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीनएस. आर.एम.आई.एस.टी,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी,डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आईक्यूएसी के मार्गदर्शन से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मल शर्मा, डॉ. पंकज वार्ष्णेय, चीफ प्रॉक्टर, राकेश पांडे, डिप्टी प्रॉक्टर दुआरा एक सफल कार्यक्रम कराया गया यह रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और मानवता की सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास था।ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि हर व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।

## बॉयलर विस्फोटः तीन की मौत, जांच समिति गठित

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील के ग्राम मुकीमपुर स्थित नार्दन रबर एण्ड रोल्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार तड़के 3 बजे बॉयलर फटने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।इस हादसे के बाद प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के मौखिक निर्देशों के तहत अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट्ट ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का नेतृत्व उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ. पूजा गुप्ता करेंगी। अन्य सदस्यों में शामिल हैं। जिनमें श्रीनाथ पासवान, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, विरेन्द्र कुमार, सहायक श्रम आयुक्त, कृपांशु गुप्ता, सहायक निदेशक, कारखाना को समिति का सदस्य बनाया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वे बॉयलर फटने के कारणों की गहराई से जांच करें और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुझाव दें। जांच रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। इस घटना से उद्योगों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल उठने लगे हैं।

# जनता से मधुर व्यवहार कर समस्या निपटाएं विद्युत अधिकारीः दिनेश कुमार



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विधुत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व उमेश मिश्रा जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर एवं जिला मुजफ्फरनगर से विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद मुजफ्फरनगर के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। साथ ही विधुत विभाग से सम्बन्धित बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुजफ्फरनगर पहुंचने पर कार्यकताओं ने प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया। सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिस भी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर आदि खराब होता है उसको तुरन्त बदलवाया जाए एवं विद्युत बिलों की गडबडी, नये कनेक्शन, तार बदलवाये जाने सम्बन्धी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा तय कर उसका निस्तारण किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी जनता से मधुर व्यवहार कर समस्याओं का निस्तारण करें। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, जितेंद्र सिंह सैंगर सदस्य विधान परिषद व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

## वार्ड न 29 में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियानः ललित त्यागी सभासद

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** वार्ड न 29 में नवरात्रे के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाया गया वार्ड के पटेल नगर कालोनी से सफाई अभियान के साथ ही संचारी रोग से बचाव हेतु कीटनाशक का छिड़काव भी कराया गया । क्षेत्रीय सभासद ललित त्यागी एडवोकेट ने बताया कि विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर व नरेंद्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी के मार्गदर्शन में वार्ड मच्छरों व संचारी रोग से बचाव के लिए लगातार कीटनाशक का छिड़काव कराया जाएगा साथ ही हम सभी सनातनी की आस्था का प्रतीक नवरात्रे में वार्ड के सभी मंदिरों पर प्रतिदिन सफाई अभियान चलेगा सभासद की इस पहल की सभी वार्डवासियों में सराहना की है । इस अवसर पर सफाई नायक राजेंद्र कुमार सहित सभी सफाई सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

## कंपनी का बॉयलर फटने से तीन की मौत,एक घायल

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव अतरौली दतेड़ी गांव में एक कंपनी का बॉयलर फटने से तीन कर्मचारियों की मौत हो गई है जबकि एक अन्य घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरौली दतेड़ी गांव स्थित नॉर्दर्न रबर एंड ईस्टर्न रबर रोलस फैक्टरी में सुबह करीब पांच बजे अचानक बॉयलर फट गया। बॉयलर फटने से फैक्ट्री की एक दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में तीन कर्मचारियों की जान चली गई है। मृतकों में भोजपुर के गांव मुकीमपुर निवासी योगेन्द्र कुमार (48), मोदीनगर निवासी अनुज (27) और जेवर निवासी अवधेश कुमार (21) शामिल हैं। एक कर्मचारी लकी घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही कर्मचारी के परिजनों को घटना के बारे में पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजन एवं गांववासी फैक्टरी पहुंचे और फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देकर बैठ गए। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों एवं गांव वासियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर परिजन एवं गांववासी शांत हुए। जानकारी के अनुसार इस संबंध में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो शीघ्र ही इस संबंध में अपनी रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई करेगी। भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच ने घटना पर गहरा दुख हुआ करते हुए शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शुक्रवार को प्रात लगभग 5:30 बजे थाना भोजपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि गांव दतैड़ी स्थित नॉर्दर्न रबर एंड ईस्टर्न रबर रोलस नाम की एक कंपनी जिसमें बॉयलर फटने से एक दुर्घटना हुई है तथा तीन काम कर रहे व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। एक व्यक्ति घायल हुआ है। भोजपुर पुलिस द्वारा तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए मौके पर जाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर कर्मचारियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रक्षा की रसोई के नाम पर महिला को फंसाकर लगाया चूना

**गाजियाबाद।** जो महिलाएं सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और महिलाओं से संबंधित प्लेटफार्मों पर बने महिलाओं से संबंधित पेजों या साइट्स से जुड़ी हैं ये खबर उनके लिए खास है। सिटी जोन में एक महिला को रक्षा की रसोई नाम के एक फेसबुक पेज के जरिये पहले टास्क के एक गेम में फंसाया गया। टास्क पूरा करने पर कुछ पैसे उनके अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। मगर, पैसे निकालने की एवज में नया टास्क देकर और कुछ पैसे जमा कराने के बहाने महिला को ठगी का शिकार बना लिया गया। मामला समझ में आने पर पीड़ित महिला ने विजयनगर थाने में केस रजिस्टर्ड कराया है। सिटी जोन के विजयनगर थाना क्षेत्र के गऊपुरी गली नंबर एक में रहने वाले विकास कुमार पाल की पत्नी चित्रा के साथ ये वारदात हुई है।

## रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष राखी संधू के नेतृत्व में एक सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की । इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लिया । कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया । इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह जी , राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल चौधरी , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, अजय प्रमुख जी , हिमांशु नागर जी युवा रालोद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, सतेंद्र तोमर , गुड्डू हसनपुर, श्रीमती भावना यादव जी , श्रीमती अंजू चौधरी , जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सुमन चौधरी, श्रीमती राखी संधू जी श्रीमती वेद मीना सिंह ,श्रीमती आरती उनियाल आदि मौजूद रहे।

## पीडीए की बैठक में गरीबों असहायों की मदद



**मोहम्मद असलम / संवाददाता**

लखीमपुर खीरी शुक्रवार दिनांक 28/3/2025 को पलिया वि०स० में मो० सुभाष नगर में रेहन खान के आवास पर ढऊअ जनपंचायत की बैठक हुई बैठक में मुख्य अथिति रेहान खान प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश व विशिष्ट अतिथि डा एके. के अवस्थी एम वी.वी एस- एमडी व डा० ऐशोशियन की अध्यक्ष डा रवीन्द्र पाल, डा० जुल्फकार वीऐएमएम. व डा० आकिर महलूद बीएएमएम डा० आर. सी. राना एचडी व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिले के महासचिव अंसार महलूद व कार्यक्रम के सहयोगी जावेद खान, शाहिल शेख, फुरकान खान आशीष गुप्ता शहनवाज, राजू खान माजिद, तिरभवन सिंह, कार्यक्रम के मुख्य अथिति रेहान खान प्रदेश सचिव सपा ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार फेल साबित हुई है वह बेटिया इस सरकार में सुरक्षित नहीं है और भाजपा सरकार सिर्फ हिन्दु मुसलियों के बीच में खाई खोदने का काम कर रही है हर कमजोर वर्ग चाहे किसान हो या नौजवान ही या व्यापारी हो चाहे मजदूर हो इस सरकार से सभी लोग पस्त है और आने वाला कल 2027 भी समाजवादी पारी को पूर्ण बहुमत की सरकार होनी जिले के सपा महासचिव अंसार महलूद ने अपने सम्बोधन में कहा भाजपा की डबल इंजन की फेल सरकार विकास से सैकड़ो कोस दूर है।

## श्री हंस इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** राज्य सरकार के सेवा सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष एवं केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुरादनगर स्थित विकास खण्ड कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बीडीओ सुधीर कुमार एवं ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने श्री हंस इंटर कालेज मुरादनगर के बच्चो को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया। बीडीओ सुधीर कुमार एवं ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है,बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देने चाहिए। उन्होंने श्री हंस इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य खेलकूद प्रतियोगिता में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर की शिक्षिका श्रीमती हेमलता शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वच्छता श्रमदान से कराया अवगत

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा नदियों की स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता की महता बनाए रखने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम के तहत श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर मे अध्यापक,अध्यापिका छात्र-छात्राओं और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान एवं अपर गंग नहर की सफाई की गई. नहर पर फैले कूड़ा व प्लास्टिक को हटाया साथ ही अपर गंग नहर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता श्रमदान से अवगत कराया गया, जिन्होंने नहर की स्वच्छता के लिए संकल्प लिया. नहर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाया गया. प्रभात फेरी के माध्यम से सभी को आस- पास स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अभिप्रेरित किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी मोदीनगर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह बताने का प्रयास किया गया कि नदी को स्वच्छ रखने में हम सब को जिम्मेदारी निभानी होगी,सभी को एक साथ प्रयास कर नदी, नहरों की अविरलता को बरकरार रखना होगा। कार्यक्रम मे श्री हंस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार , रामकुमार, प्रमोद कुमार, हेमलता शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, रिंकेश वर्मा, श्री अमित सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी मोदीनगर, एनवायरमेंट क्लब से सावन कन्नौजिया, मनीष राठौर, उत्कर्ष, कशिश, रोहित व वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## वीर चक्र प्राप्त कर्नल टीपी त्यागी करेंगे जीपीए के 8 वे पुस्तक एक्सचेंज मेले का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा लगाए जा रहे निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण जो कि शास्त्रीनगर में 22 एवं 23 मार्च को आयोजित किया गया था बेहद सफल रहा इस अनूठे पुस्तक मेले में हजारों अभिभावकों ने आकर आपस में किताब कॉपी ड्रेस एक्सचेंज कर भरपूर लाभ उठाया अब जीपीए की टीम द्वारा दूसरे चरण के बुक एक्सचेंज मेले के आयोजन की तैयारी जोरो शोरो से की जा रही है यह मेला 30 मार्च को यॉर्क ग्राउंड ,डेल्टा कालोनी, कड़ कड़ मोड, राधाकुंज , ब्रिज विहार में आयोजित किया जाएगा इस बुक एक्सचेंज मेले का उद्घाटन वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी द्वारा किया जाएगा गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन से सीमा त्यागी और सतीश कुमार का कहना है कि हम दूसरे चरण के बुक एक्सचेंज मेले में ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों की भागदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया से लेकर अन्य सभी माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे है हम जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते है कि पुस्तक एक्सचेंज मेले और सरकार की जनकल्याण की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे ।

## मेले की व्यवस्था के लिए लॉटरी के माध्यम से दुकानों, झूलो, प्रसाद व्यवस्था आदि हेतु आवंटन किया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** नवरात्रों में लगने वाले महामाया देवी मेले की व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा तहसील सभागार में आमजन के मध्य दुकानों, झूलो, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था आदि हेतु लॉटरी के माध्यम से आमजन के मध्य आवंटन किया गया। उपजिलाधिकारी डॉ पूजा गुप्ता की अध्यक्षता एवं विनोद वैशाली अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोदीनगर और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नरेन्द्र मोहन मिश्र की उपस्थिति में तहसील के सभागार में महामाया देवी सीकरी मेले के दृष्टिगत दुकानों, झूलो, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था आदि हेतु लॉटरी के माध्यम से आमजन के मध्य आवंटन किया।



# नए अनुज्ञापियों को मिली सख्त चेतावनी, नियमों की दी गई जानकारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में नई आबकारी नीति लागू होने के साथ ही शराब की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब आबकारी विभाग ने इन दुकानों के सुचारू संचालन के लिए कमर कस ली है। विभागीय अधिकारियों की दिन-रात की मेहनत और सख्त नियमों के चलते इस बार सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। नए अनुज्ञापियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अगर संचालन में कोई गड़बड़ी या अनियमितता पाई गई तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को एडीएम एलए की अध्यक्षता में जिला आबकारी कार्यालय में विभागीय अधिकारियों और नए अनुज्ञापियों के बीच अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने नए अनुज्ञापियों का स्वागत किया और उन्हें शराब की दुकानों के संचालन से जुड़े आवश्यक नियम-कानूनों की जानकारी दी। 1 अप्रैल से जिले में नई शराब की दुकानें शुरू होने जा रही हैं, जिसमें कई नए अनुज्ञापी शामिल हैं, जिन्हें इस व्यवसाय के नियमों की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में आबकारी विभाग ने जिम्मेदारी उठाते हुए उन्हें पूरी प्रक्रिया समझाई। आबकारी विभाग की टीम यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही कि हर दुकान तय नियमों के अनुसार संचालित हो। जिले के आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, अखिलेश बिहारी वर्मा, त्रिवेणी मौर्य, डॉ राकेश त्रिपाठी, अखिलेश कुमार और अनुज वर्मा प्रतिदिन अपनी टीम के साथ गर्मी और तपती धूप की परवाह किए बिना नए अनुज्ञापियों को उन स्थानों का निरीक्षण करा रहे हैं, जहां उनकी दुकानें स्थापित होनी हैं। प्रशासन का यह प्रयास है कि दुकानों के संचालन में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और न ही स्थानीय जनता को कोई परेशानी हो। सभी दुकानों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रहेंगे। शराब की बिक्री के लिए पॉश मशीन का अनिवार्य उपयोग करना होगा। दुकानों पर रेट कार्ड चस्पा करना अनिवार्य होगा ताकि ग्राहकों से अधिक कीमत न वसूली जाए। अगर किसी दुकान पर बाहरी राज्यों की शराब पाई गई तो संबंधित अनुज्ञापी का लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

आबकारी विभाग की सख्ती और नियमों के कड़े पालन का ही परिणाम है कि जिले से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग की टीम पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से काम कर रही है, ताकि सरकार को अधिकतम लाभ मिले और शराब व्यापार में पारदर्शिता बनी रहे।

# पीली पट्टी से बाहर बाजार लगा रहे पैठ व्यापारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने व्यवस्था बनाने के लिए पैठ बाजार में पीली पट्टी खींची थी, लेकिन दुकानदार पीली पट्टी से बाहर बाजार लगा रहे हैं।

आम जनता को जाम से जूझना पड़ रहा है। शहर में करीब 55 स्थानों पर अलग-अलग दिनों में पैठ बाजार लगते हैं। सभी बाजार आबादी के बीच सड़कों पर लग रहे हैं। सड़कों पर दुकानें लगने से जाम लग रहा था। ऐसे में पुलिस ने कई जगह के पैठ बाजार बंद करा दिए थे। इससे नाराज पैठ दुकानदारों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद शासन ने आदेश दिए कि नए स्थान चिन्हित होने तक पुराने स्थानों पर ही पैठ बाजार लगाए जाएं, लेकिन स्थानीय लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। निगम ने निर्णय लिया कि सभी पैठ बाजार में सड़क पर पीली पट्टी खांचो जाएगी। पीली पट्टी के पीछे ही दुकान लगेंगी।



इसके लिए पैठ बाजार में पीली पट्टी खिंचवाई गई थी लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा। पैठ के दुकानदार फिर से मनमानी करने लगे हैं। पीली पट्टी से आगे दुकानें लगाई जा रही हैं। इससे जाम की स्थिति पैदा होने लगी है। गोविन्दपुरम व विजय नगर में हर गुरुवार को पैठ बाजार लगता है। कई सप्ताह से दुकान सड़कों पर लग रही हैं। घरों के बाहर रेहड़ी पटरी खड़ी की जा रही हैं। इससे जाम लगने से स्थानीय लोग परेशानी झेल रहे हैं। विजय नगर निवासी बबलू ने बताया हर सप्ताह शाम से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति रहती है। गंदनाला जस्सीपुरा, इंद्रगढ़ी, गोविन्दपुरम, शास्त्री नगर, विजय नगर, संजय नगर, शालीमार गार्डन आदि जगह पैठ बाजार लग रहे हैं।

ज्यादातर बाजारों में पीली पट्टी खोंची जा चुकी है लेकिन दुकानदार पीली पट्टी का पालन नहीं कर रहे। टाउन वेंडिंग कमेटी में नए स्थानों पर चर्चा होगी।

# मेट्रो स्टेशन के पास ट्रांसपोर्ट के गोदाम में लगी आग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद इलाके में शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के पास ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। शुक्रवार दोपहर अचानक लगी आग का सही कारण पता नहीं चल सका लेकिन गोदाम से धुंआ उठते देख लोगों का ध्यान घटना स्थल की तरफ गया। तुरंत लोग आग बुझाने के लिए दौड़े। बालाजी धर्मकांटा वाली गली में माता ट्रांसपोर्ट के गोदाम में लगी आग शॉर्ट सर्किट से बताई जा रही है। आग लगने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुट गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों रुपए के नुकसान की खबर है। गर्मी शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं एकाएक बढ़ जाती हैं। इसलिए दमकल विभाग लोगों को आग से बचाव के तरीके सिखाने के लिए जनजागरण अभियान चलाता है। लेकिन लोगों की लापरवाही से घटनाएं होती रहती हैं। गर्मी के मौसम में खासकर इनवर्टर-बेटरी एसी और फ्रिट का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# निगम का 3722 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट पारित, विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3722 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट शुक्रवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में पार्षदों और अधिकारियों ने बजट का स्वागत किया और इसे शहर के चहुंमुखी विकास के लिए मील का पत्थर बताया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह बजट शहरवासियों के लिए विकास की नई सौगात लेकर आएगा। उन्होंने बताया कि इससे सभी वार्डों में आवश्यक निर्माण कार्यों में तेजी आएगी और शहर के आंतरिक व बाहरी क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम का बजट लगातार



बढ़ रहा है, जिससे शहर को आधुनिक और स्वच्छ बनाने की दिशा में मजबूती से कार्य किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में बजट 1417 करोड़, 2023-24 में 1684 करोड़ और 2024-25 में 2465 करोड़ था, जिसे बढ़ाकर 2025-26 में 3722 करोड़ किया गया है। बैठक में बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तावित बजट में 2754 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया गया है, जिसमें संपत्ति कर, लाइसेंस शुल्क, किराया, विज्ञापन से होने वाली आय, शासकीय अनुदान और अन्य स्रोतों को शामिल किया गया है। वहीं, 3033 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान रखा गया है, जिसमें सार्वजनिक निर्माण कार्य, जल संरक्षण, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, उद्यान और खेलकूद विकास, गौशाला व पशुपालन समेत विभिन्न मद शामिल किए गए हैं।

बैठक के दौरान पार्षदों ने नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए विज्ञापन से अधिक राजस्व प्राप्त करने का सुझाव दिया, जिस पर नगर आयुक्त ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। महापौर और नगर आयुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बजट में प्रस्तावित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। बैठक में नगर निगम के अधिकारी, पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# पति और जेठ के खिलाफ महिला ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत, एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिटी जोन के विजयनगर थाना क्षेत्र की एक महिला पुलिस कमिश्नर के पास पहुंची और बताया कि उसके पति के अपने बड़े भाई की पत्नी से नाजायज संबंध हैं।

जबकि उसका जेठ उसके साथ छेड़छाड़ करता है। महिला का आरोप है कि दहेज के लिए भी उसे प्रताड़ित करके मारपीट की जाती है। एक बार समाज के लोग फैसला भी करा चुके हैं। मगर, ससुराल वालों की हरकतें नहीं रुक रहीं। महिला ने शिकायत की कि मामले में थाना पुलिस से भी गुहार लगाई मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस कमिश्नर से की शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अम्बेडकर नगर, विजयनगर निवासी एक शख्स ने अपनी बेटी की शादी क्रिश्चिन नगर (बागू) निवासी एक परिवार में 19 नवंबर 2021 को की थी। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक शादी के तीसरे दिन से ही उसे दहेज कम लाने को लेकर ताने दिए जाने लगे। दहेज में कार की मांग की जाने लगी। ससुराल वालों ने उत्पीड ? करना शुरू कर दिया। एक दिन मारपीट कर घर से निकाल दिया, तो समाज के लोगों के हस्तक्षेप कर ससुराल वाले दोबारा ऐसा नहीं करने की बात कहकर वापस ले आए। मगर, फिर वहीं सब शुरू कर दिया। दर्ज रिपोर्ट में महिला ने बताया कि एक दिन उसने अपने पति को जेठानी के साथ आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया। इस बात की शिकायत उसने सास से की, तो उसे ये कहकर चुप कर दिया और मारपीट की गई कि इस घर में ऐसे ही चलता है।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस प्रशासन के कड़े इंतजाम के बीच शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से अदा कर दी गई हालांकि इस मौके पर जहां एक ओर नमाजियों पर पुष्प वर्षा की वहीं दूसरी ओर नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर बोर्ड संशोधन बिल का विरोध ही जताया। माहे रमजान के अलविदा जुम्मा के पावन अवसर पर केला भ्ा इस्लामनगर स्थित ईदगाह मस्जिद में नमाज पढ़ कर जान वालो नमाजी भाइयों के ऊपर एआइएमआइएम पार्टी के महानगर अध्यक्ष पंडित मनमोहन झा गामा के नेतृत्व में फूलों की बारिश की गई पंडित मनमोहन झ$गमा ने कहा की हम हिंदुस्तानी ईद होली दीपावली सदियों से मिलजुल कर मानते आए हैं और आगे भी निरंतर हिंदू मुस्लिम एक साथ रहते हुए अपने-अपने त्यौहार को मनाएंगे परंतु वर्तमान की भाजपा सरकार एवं उनकी पुलिस अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए समय-समय पर अपने प्रदेश और देश के मुस्लिम भाइयों को डराने धमकाने का प्रयास करते हैं जिसका ऑल इंडिया में जिसे तहादुल मुस्लिमीन विरोध करता है हमारा देश राम और रहीम का है हमारा देश प्रभु श्री कृष्ण के भक्ति रसखान का है हमारा देश चंद्रशेखर आजाद अशफाक उल्ला खान कैप्टन वीर अब्दुल हमीद का है और यह फूलों की बारिश आपसी प्रेम और सौहार्द को दशार्ता है फूलों की बारिश करने वालों में प्रमुख रूप से पंडित मनमोहन झा गामा चंद्र मोहन झा समीर मलिक शकीरा अब्बासी दिलशाद अब्बासी अकरम अमित कुमार भाई मनीष साथ रहे। अकबर चौधरी कांग्रेस नेता ने बताया कि आज 28 मार्च 2025 को रमजान के अलविदा जुमे की नमाज के वक्त गरिमा गार्डन वार्ड नंबर 64 उमर मस्जिद इरशाद गार्डन एवं गोसिया मस्जिद इरशाद गार्डन में सैकड़ो नमाजियों ने मस्जिदों में अपनी बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर व काले कपड़े पहनकर शांति के साथ अपना विरोध सरकार के खिलाफ दर्ज कर मांग की गई है कि बफ बोर्ड संशोधन बिल को तुरंत वापस लिया जाए अन्यथा मुस्लिम समाज रोड पर उतरकर पूरे हिंदुस्तान में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अपनी मुखालफत जारी रखें।



# पुलिस के विशेष अभियान में 602 लोग गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में खुलेआम सड़कों पर शराब पी जाती है। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती थी।

गुरुवार रात को तीन घंटे के इस अभियान में पुलिस ने सड़क किनारे, शराब की दुकानों के पास से 602 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद सभी का पुलिस एक्ट 34 के तहत चालान किया गया। ट्रांस हिंडन जोन में 175 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 28, कौशांबी से 24, खोड़ा से 25, साहिबाबाद से 23, लिंक रोड से 26, शालीमार गार्डन से 24 और टीला मोड़ से 25 लोग शामिल हैं। ढाई महीनों से चल रहा अभियान देहात जोन में 195 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लोनी से 45, ट्रोनिका सिटी से 23, अंकुर विहार से 11, लोनी बॉर्डर से 12, मसूरी से 20, मुरादनगर से 28, मोदीनगर से 9, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 11 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 21 लोग शामिल हैं। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा ही अभियान शहरी क्षेत्र में चला जिसमें 3 घंटे में 232 लोगों को गिरफ्तार किया गया जो सार्वजनिक या खुलेआम सड़क पर शराब पी रहे थे इनमें।

# योगी सरकार में यूपी बना ग्रोथ इंजन, किसानों और युवाओं के लिए बड़ा काम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल उत्कर्ष अभियान के तहत मुरादनगर विधानसभा में विधायक अजीत पाल त्यागी ने शुक्रवार को आरडीसी, राजनगर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे हो गए हैं और यह समय प्रदेश के लिए ऐतिहासिक रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को उत्तर प्रदेश की सफलता का आधार बताया। विधायक ने कहा कि 8 साल पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था। किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा बेरोजगार थे, व्यापारियों में असुरक्षा थी और दंगों का माहौल था। लेकिन योगी सरकार में प्रदेश ने




आर्थिक, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के मामले में नए आयाम छुए हैं। आज उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। विधायक त्यागी ने बताया कि भाजपा सरकार ने किसानों के हित में कई अहम कदम उठाए हैं। किसानों के खातों में सीधे पैसा ट्रांसफर किया गया। किसानों का कर्ज माफ किया गया। चीनी मिलों को बंद होने से बचाया गया और छह नई चीनी मिलें स्थापित की गईं। उन्होंने बताया कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के चलते बिना किसी सिफारिश व घूस के हजारों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। विधायक ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे, लेकिन आज कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि इतना बड़ा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक में हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने पर जोर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और जल स्वच्छता को लेकर शुक्रवार को जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल और जिला वन अधिकारी (डीएफओ) श्रीमती ईशा तिवारी ने की। इस दौरान जिले में वायु, जल और भूमि प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा की गई और सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने पर चर्चा हुई। बैठक में डस्ट कंट्रोल ऐप पर पंजीकरण, समीर ऐप पर लंबित शिकायतों,



वायु प्रदूषण रोकथाम, सड़कों की सफाई, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, औद्योगिक अपशिष्ट निस्तारण, कूड़ा जलाने पर रोक, सड़क मरम्मत और लू से बचाव के उपाय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सीडीओ अभिनव गोपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल एवं पर्यावरण को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, जिससे जिले के नागरिकों को शुद्ध जल और साफ वातावरण मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से हिण्डन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने पर जोर दिया और संबंधित विभागों को सप्ताह भर के भीतर कार्ययोजना और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगर निगम, जल निगम, जीडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को मिलकर नदी के सौंदर्यीकरण और प्रदूषण रोकथाम पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी), स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग, भूगर्भ जल विभाग, नगर पालिका और नगर पंचायत सहित कई विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दो विभागों की लापरवाही से अधर में अटका कम्युनिटी सेंटर का निर्माण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लाइनपार के सर्वोदय नगर एवं उसके आस-पास के लोग दुविधा में है।

लोगों की दुविधा की वजह ये है कि जीडीए के द्वारा बसपा शासन काल के दौरान सर्वोदय नगर में जिस कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कराया था, वह अधूरा छोड दिया गया। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ये है कि जीडीए के निर्माण विभाग के द्वारा दोहराया जा रहा है कि कम्युनिटी सेंटर के निर्माण से जुडी फाइल प्राधिकरण में उपलब्ध नहीं है। पार्षद ओम प्रकाश की मानें तो निगम के अधिकारी कम्युनिटी सेंटर में हाथ डालते हुए कतरा रहे है। पार्षद ने हाल में जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण के गाजियाबाद आगमन के दौरान मुद्दे को उनके सामने उठाया और हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। इसके साथ साथ स्थानीय विधायक से भी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पार्षद का तर्क है कि वह इस पक्ष में दूर तक नहीं है कि किन कारणों से जीडीए के अधिकारी पल्ला झाड रहे है। उनका मानना है कि कम्युनिटी सेंटर के अधूरे काम पूरे होने चाहिए, ताकि कम्युनिटी सेंटर का लाभ एरिया के लोगों को उपलब्ध हो सकें। सूत्र बताते है कि जिस ठेकेदार फर्म से जीडीए के द्वारा कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कराया, उसे पूरा भुगतान करने के दौरान ये भी नहीं देखा गया कि कम्युनिटी सेंटर का निर्माण पूरा हुआ भी है अथवा नही। देखा जाए तो लाइनपार एरिया के लोगों के द्वारा एक लंबे समय से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किए जाने का आग्रह किया जा रहा है।

# लिफ्ट का संचालन शुरू होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को मिली राहत

**गाजियाबाद।** संयुक्त अस्पताल में लिफ्ट का संचालन शुरू होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को राहत मिली है। यह मामला विधान परिषद में गूंजा था, जिसके बाद लिफ्ट की मरम्मत के लिए बजट जारी हुआ। संयुक्त अस्पताल की लिफ्ट पिछले आठ साल से बंद पड़ी थी। इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों को भी परेशानी हो रही थी। इस मुद्दे को आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने कई बार प्रमुखता से प्रकाशित किया। एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने मामले का संज्ञान लेकर विधान परिषद में इसको लेकर सवाल उठाया।